

उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

## आतंकी हमले पर रक्षा मंत्री का सख्त संदेश



### परदे के पीछे बैठे साजिशकर्ताओं तक पहुंचेंगे

**नई दिल्ली,(ए)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। इस हमले के बाद बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत केवल हमलावर आतंकियों तक ही नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे रहकर हमले की साजिश रचने वालों तक भी पहुंचा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस घटना पर बहुत जल्द करारा जवाब देगी।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बयान नई दिल्ली में आयोजित अर्जन सिंह मेमोरियल लेक्चर के दौरान दिया। उन्होंने कहा, कि कल पहलगाम में धर्म को निशाना बनाकर किए गए आतंकी हमले में कई निर्दोष नागरिकों की जान गई। यह न केवल कायरता है, बल्कि अमानवीयता की भी चरम सीमा है। हम सब इस घटना से दुखी हैं और पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। यहां पर राजनाथ ने दो टूक कहा, कि भारत को आतंकवादी गतिविधियों से डराया नहीं जा सकता। हम एक प्राचीन सभ्यता और मजबूत लोकतंत्र हैं। जिन्होंने यह हमला किया है, और जिन्होंने इस हमले की साजिश रची है, दोनों को जवाब दिया जाएगा। उन्होंने देशवासियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि भारत सरकार हर वह जरूरी कदम उठाएगी जो इस तरह की घटनाओं को रोकने और दोषियों को दंडित करने के लिए आवश्यक है।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक में बनी रणनीति

### भारत ने सिंधु जल समझौता रोका,पाकिस्तानी दूतावास बंद

### पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द, 48 घंटे में भारत छोड़ें



**नई दिल्ली(ए)।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने सख्त कदम उठाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट (सीसीएस) की मीटिंग में 5 बड़े फैसले लिए गए हैं। पीएम आवास पर मोदी की अध्यक्षता में ष्टष्टस् की बैठक ढाई घंटे चली। इसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएस अजित डोभाल समेत कई अफसर मौजूद रहे।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक हुई जो कि 2।30 घंटे चली। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। इस बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में पहलगाम के दौरे से वापस लौटे गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी सहित सभी अन्य राजनेताओं से पूरी वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी दी।

माना जा रहा है कि इस बैठक में भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर आगे की रणनीति तय की है। जिसका असर आने वाले कुछ दिनों में देखने को मिलेगा।

**सिंधु जल समझौता रोक दिया है।**

- अटारी बॉर्डर से आवाजाही बंद कर दी गई है।
- पाकिस्तानियों का वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द, 48 घंटे में देश छोड़ें।
- पाकिस्तान में भारतीय दूतावास बंद और भारत में भी पाकिस्तानी दूतावास बंद,
- 7 दिन में देश छोड़ें पाकिस्तानी राजनायिक।
- किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को अगले फैसले तक भारतीय वीजा नहीं।

सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

मालूम हो कि सीसीएस शीर्ष जिम्मेदारों की वो समिति है, जिसमें देश की सुरक्षा से संबंधित बड़े फैसले लिए जाते हैं। इस बैठक से पहले गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम का दौरा कर चुके हैं। वो आज ही दोपहर बाद दिल्ली लौटे थे।

सीसीएस की बैठक में शामिल होने से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आतंकवादियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले में हमारे देश ने अनेक निर्दोष नागरिकों को खोया है।

इस अमानवीय कृत्य से हम सभी गहरी शोक और दर्द में हैं। सबसे पहले मैं उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। इस दुखद समय में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मैं परमात्मा से प्रार्थना करता हूं।

इसके बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि यहां मैं भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहूंगा। आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है। भारत का एक-एक नागरिक इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ एकजुट है। मैं देशवासियों को आश्वस्त करता हूं कि घटना के मद्देनजर भारत सरकार हर वो कदम उठाएगी जो जरूरी और उपयुक्त होगा। हम सिर्फ उन लोगों तक नहीं पहुंचेंगे जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। हम उन तक भी पहुंचेंगे जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठ कर भारत की सरजमीं पर ऐसी नापाक हरकतों की साजिशें रची हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का बीपीएससी की मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने से इंकार



**नई दिल्ली (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने 25 अप्रैल को होने वाली बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने से इंकार किया और बीते साल 13 दिसंबर को प्रारंभिक परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगाने वाली याचिकाओं को खारिज किया है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने 70वीं बीपीएससी कॉम्बिनेट कॉम्पिटेटिव प्रिलिमनरी एग्जाम (परीक्षा) रद्द करने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज किया। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का खारिज करते हुए अभ्यर्थियों द्वारा री-टेस्ट कराने की मांग में सबूतों का अभाव बताया। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस मनमोहन ने कहा कि हर कोई एक दूसरे की सुरक्षा के साथ खेल रहा है। परीक्षकों का स्तर इतना ऊंचा नहीं है। ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोई भी परीक्षा अपने निष्कर्ष तक नहीं पहुंच रही है। हमें हर किसी पर गड़बड़ी का संदेह है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने दलील दी कि व्हाट्सएप मैसेज और वीडियो क्लिप सहित डिजिटल सबूत दिखाते हैं कि परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक हो गए थे। इसतरह का एक वीडियो में कथित तौर पर एक परीक्षा केंद्र पर लाउडस्पीकर के द्वारा उत्तर घोषित किए जाते हुए दिखाया गया है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि मोबाइल की अनुमति थी? तब वकील ने कहा कि आधिकारिक रूप से नहीं थी।

### तहव्वुर की याचिका पर एनआईए का विरोध

**नई दिल्ली(ए)।** मुंबई आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा ने परिवार से बात करने के लिए एनआईए की स्पेशल कोर्ट में याचिका दाखिल की। बुधवार को इस याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान जांच एजेंसी एनआईए ने याचिका का विरोध किया।एनआईए ने कोर्ट में कहा कि अगर राणा को परिवार से बात करने की इजाजत दी गई, तो वह कोई अहम जानकारी शेयर कर सकता है। इससे जांच प्रभावित हो सकती है। कोर्ट ने अब इस मामले में फैसला 24 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया है।



## दिल्ली समेत 14 राज्यों में चलेगी लू, 12 राज्यों में बारिश की संभावना

**नई दिल्ली,(ए)।** मौसम विभाग ने बुधवार को दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 14 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस दौरान कई राज्यों में तापमान में 3-5 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। यूपी में अगले पांच दिन में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पहुंचने का अनुमान है। राजस्थान के 4 जिलों में आज लू का यलो अलर्ट जारी किया गया है। 14 शहरों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर रहा।

वहीं मध्यप्रदेश के 6 जिलों में हीटवेव चलेगी। खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे ज्यादा रह सकता है। उधर, छत्तीसगढ़ में मंगलवार को बीजापुर-तेलंगाना बॉर्डर पर लू से एक मजदूर की मौत हो गई। वह मिर्ची तोड़ने तेलंगाना गया था। मौसम विभाग ने 3 दिनों तक सरगुजा संभाग, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के 11 जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, मणिपुर समेत 12 राज्यों में बुधवार को बारिश की संभावना जताई है। अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 27 अप्रैल तक भारी बारिश हो सकती है। असम और मेघालय में तेज आंधी-तूफान की आशंका है।

28 अप्रैल तक राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तर प्रदेश में हीटवेव रहेगी।

### ईडी कोर्ट में सौरभ शर्मा की जमानत पर सुनवाई पूरी

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कोर्ट में आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा की ओर से एडवोकेट दीपेश जोशी और सौरभ के सहयोगी शरद जायसवाल की ओर से अधिवक्ता रजनीश बरैया ने जो जमानत याचिका दायर की थी, उस पर विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सौरभ शर्मा की मां और ईडी की टीम अदालत में मौजूद रहीं। ईडी के वकील विक्रम सिंह ने सौरभ और शरद के कृत्य को गंभीर बताते हुए उनकी जमानत का विरोध किया। वहीं, सौरभ के वकील दीपेश जोशी ने ईडी की कार्रवाई को काल्पनिक बताते हुए सभी आरोपों को गलत बताया और जमानत दिए जाने की मांग की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला गुरुवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया है।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल ने आरटीओ के करोड़पति पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा उसके सहयोगियों शरद जायसवाल, चेतन सिंह गौर के खिलाफ 8 अप्रैल मंगलवार को कोर्ट में चालान पेश किया था। इसमें इनोवा कार में मिला 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए कैश सौरभ का ही बताया गया है।

## बार काउंसिल का सक्रिय सदस्य ही बनेगा वक्फ बोर्ड का सदस्य

**नई दिल्ली,(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य वक्फ बोर्ड में नियुक्ति को लेकर अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि राज्य बार काउंसिल का सक्रिय सदस्य ही राज्य वक्फ बोर्ड का सदस्य बन सकता है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए 2 अनिवार्य शर्तें पूरी करनी होंगी।पहली शर्त है कि व्यक्ति मुस्लिम समुदाय से हो। दूसरी-संसद, राज्य विधानसभा या बार काउंसिल के सदस्य के रूप में सक्रिय पद हो। सुप्रीम कोर्ट मणिपुर हाईकोर्ट के उस फैसले को गलत बताया, जिसमें हाईकोर्ट ने कहा था कि कानून में स्पष्ट नहीं है ।

## डॉक्टरों पर हर हमले की निगरानी नहीं कर सकते:सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को डॉक्टरों पर बढ़ते हमलों से रक्षा के लिए दिशानिर्देश बनाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि हर चीज की निगरानी करना कोर्ट का काम नहीं है। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले का हवाला दिया और कहा कि ऐसे मामलों से संबंधित दिशानिर्देश पहले ही बनाए जा चुके हैं और याचिकाकर्ता अगर चाहें तो उचित कानूनी प्रक्रिया अपना सकते हैं।

बेंच ने कहा, आप सुप्रीम कोर्ट से यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वह हर काम और गतिविधि पर नजर रखे। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने जब डॉक्टरों पर हो रहे हमलों का जिक्र किया, तो बेंच ने कहा, ये सभी घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट यहां बैठकर हर एक घटना की निगरानी नहीं कर सकता। याचिकाएं 2022 में दायर की गई थीं, जिनमें डॉक्टरों पर बढ़ते हमलों का जिक्र करते हुए।

## हमले पर बड़ा खुलासा...एक से सात अप्रैल तक आतंकियों ने की थी रेकी

### हमले में पाकिस्तान का हाथ, दो लोकल और दो पाकिस्तानी शामिल; तीन संदिग्धों के स्केच जारी

### पहलगाम अटैक के बाद बदले की आशंका से डरा पाकिस्तान, हाई अलर्ट पर पाक आर्मी

### हमले के विरोध में पूरा जम्मू-कश्मीर बंद, घाटी में 35 वर्ष में पहली बार इतना बड़ा शटर डाउन




**श्रीनगर(ए)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले से पूरे देश में आक्रोश है। इस हमले में अब तक 26 लोगों की मौत हो गई है जबकि 17 लोग घायल बताए गए हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार कुल छह आतंकियों ने वारदात को अंजाम दिया। टीआरएफ कमांडर सैफुल्लाह ने हमले की साजिश रची है। हमले में शामिल चार आतंकियों को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। हमले में दो स्थानीय आतंकी और दो पाकिस्तानी आतंकियों की भूमिका की जानकारी मिली है। संदिग्ध आतंकियों के स्केच भी जारी किए गए हैं। सूत्रों का कहा है कि भारत पलटवार करने की रणनीति पर काम कर रहा है। भारत के निशाने पर पीआके में 42 टेरर लॉन्च पैड हैं। इस बीच पाकिस्तानी सेना ने अपनी तरफ के लाइन ऑफ कंट्रोल पर हाई अलर्ट जारी किया है। कश्मीर घाटी में 35 साल में पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बुधवार को बंद रहा। पहलगाम पर्यटन स्थल में हुई हत्याओं के विरोध में बंद के आह्वान का सभी क्षेत्रों के संगठनों ने समर्थन किया। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में अधिकांश दुकानें, पेट्रोल पंप और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। उन्होंने बताया कि शहर भर में केवल आवश्यक वस्तुओं की दुकानें ही खुली रहीं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक परिवहन भी कम रहा, लेकिन निजी वाहन सामान्य रूप से चल रहे थे।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले पर बड़ा खुलासा हुआ है। आतंकियों ने रैकी के बाद वारदात को अंजाम दिया था। बताया जा रहा है कि हमले को अंजाम देने में छह आतंकी शामिल थे। जानकारी मिली है कि हमलावरों ने एक से सात अप्रैल तक इस इलाके की रेकी की। सुरक्षाबलों को घटनास्थल से कुछ दूर बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल मिली है। माना जा रहा है कि आतंकियों ने इसका इस्तेमाल किया हो सकता है। इंटेलिजेंस सूत्रों के मुताबिक, एलओसी के पास पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 42 टेररिस्ट लॉन्च पैड एक्टिव हैं। इन लॉन्च पैड पर 110 से 130 आतंकी मौजूद बताए जा रहे हैं। कश्मीर घाटी में 70 से 75 आतंकी एक्टिव हैं। जम्मू के राजौरी में 60 से 65 आतंकी एक्टिव हैं। ये सभी आतंकी पाकिस्तानी हैं। इन आंतकी संगठनों में पाकिस्तान ने सिर्फ चार स्थानीय युवकों की भर्तियां की हैं। भारतीय सुरक्षाबल हर पांचवें दिन एक आतंकी को ढेर कर रही है। अब तक मारे गए 75 आतंकियों में से अधिकतर विदेशी थे। इसमें से 17 आतंकी एलओसी और आईबी से घुसपैठ की कोशिश के दौरान मार गिराए गए जबकि 26 आतंकी मुठभेड़ों के दौरान ढेर कर दिए गए।

इस हमले के बाद पाकिस्तान ने अपने कब्जे वाले हिस्से में लाइन ऑफ कंट्रोल को हाई अलर्ट पर रखा है। भारतीय खुफिया सूत्रों के मुताबिक, यह कदम भारत की किसी संभावित जवाबी कार्रवाई के डर से उठाया गया है। इस बीच पाकिस्तान ने अपनी सीमाओं पर भी सेना तैनात कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने अपने एयरक्राफ्ट की मदद से एयरबेस पर साजो सामान पहुंचा रहा है। साथ ही कई पोस्ट में दावा किया गया है कि पीएफए ने भारतीय बॉर्डर के आसपास वाले एयरबेस में एयरक्राफ्ट की तैनाती बढ़ा दी है।

रक्षा मंत्रालय में हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी सहित सेना प्रमुखों द्वारा पहलगाम में कल हुए आतंकी हमले के बाद कश्मीर घाटी में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। शीर्ष अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है और स्थानीय टुकड़ियों को अलर्ट रहने तथा आतंकवाद विरोधी अभियानों को और तेज करने को कहा गया है। तलाशी और विध्वंस अभियान चलाने के लिए हमले वाली जगह के पास के इलाकों में और अधिक सैनिकों को तैनात किया गया है।

जम्मू-कश्मीर सीएमओ ने मृतकों के परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए 2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। पीड़ितों को उनके घरों तक वापस ले जाने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।

## मृतकों के परिजनों के लिए 10 लाख और घायलों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि

**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को झकझोर दिया है। हमले में कई बेगुनाह लोगों ने अपनी जान गंवा दी है। जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। इस दुखद घटना के बाद जम्मू-कश्मीर सरकार ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर मुआवजे की घोषणा की है।

उमर सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 10 लाख और घायलों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। वहीं, मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई।

जम्मू-कश्मीर मुख्यमंत्री कार्यालय ने पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। सीएम हाऊस से पोस्ट में लिखा गया, पहलगाम में कल हुए घृणित आतंकवादी हमले से मैं बहुत स्तब्ध और व्यथित हूं। निर्दोष नागरिकों के खिलाफ बर्बर और मूर्खतापूर्ण क्रूरतापूर्ण कृत्य का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। हम मृतकों के प्रति शोक व्यक्त करते हैं।



इसमें कहा गया कि कोई भी धनराशि प्रियजनों के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती, लेकिन समर्थन और एकजुटता के प्रतीक के रूप में, जम्मू-कश्मीर सरकार मृतकों के परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए 2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा करती है। पीड़ितों को उनके घरों तक वापस ले जाने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवा प्रदान की जा रही है।

## एकतरफा प्यार में महिला के चेहरे पर ब्लेड से वारः पुलिस ने आरोपी को पकड़ा, हवालात में हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** एक युवक ने एकतरफा प्यार में एक महिला के चेहरे पर ब्लेड से कई वार किए। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के बाद कार्रवाई होगी। महिला के चेहरे पर कई निशान हैं। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना थाना लोहामंडी के अंतर्गत राजनगर की है। यहां रहने वाली महिला रेखा को कई दिनों से विष्णु नाम का युवक परेशान कर रहा था। रेखा का कहना है कि विष्णु उससे प्यार का इजहार कर चुका था। लेकिन महिला ने कभी हामी नहीं भरी। विष्णु ने रेखा को परेशान करना शुरू कर दिया था। रेखा के घर से निकलते ही उसके साथ जाता था।





**रास्ते में मारा ब्लेड**

मंगलवार शाम को रेखा अपने घर से निकली तो विष्णु उसके पीछे लग गया। मौका देखकर विष्णु ने से रोका और उसके चेहरे पर ब्लेड से कई वार किए। रेखा के पूरे चेहरे पर कट लग गए हैं। रेखा के चीखने पर आसपास के लोग इकटठा हुए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आरोपी विष्णु को दौड़ाकर पकड़ा। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि महिला को इलाज के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने के बाद आरोपी पर कार्यवाही होगी।

## शराब ठेके पर अवैध कारोबार

### शटर के नीचे पैसे डालने पर निकल रही शराब, सुबह 7 बजे का वीडियो आया सामने

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना ताजगंज क्षेत्र में एक देसी शराब के ठेके का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सेमरी इलाके में स्थित इस ठेके का 44 मिनट का वीडियो बुधवार सुबह का बताया जा रहा है। वीडियो में एक युवक शराब के ठेके के शटर के नीचे पैसे डालता दिखाई दे रहा है। इसके बाद अंदर से देसी शराब का पउआ बाहर निकलता है। युवक इसे अपनी जेब में रखकर मौके से चला जाता है। यह घटना नियमों का खुला उल्लंघन है। आगरा में शराब के ठेकों का निर्धारित समय सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक है। लेकिन यह घटना सुबह 7 बजे की बताई जा रही है। पुलिस को अभी तक इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आगरा में अधिकांश सरकारी ठेकों पर ऐसी गतिविधियां आम हैं। लगातार वीडियो वायरल होने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



## अभिषेक कुमार सिंह ने मंडल रेल प्रबंधक आगरा से उनके कार्यालय में जाकर की मुलाकात

### मंडल रेल प्रबंधक ने उनके द्वारा यूपीएससी में हासिल की गई शानदार सफलता के लिए बधाई दी

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय आगरा में कार्यरत मंडल वाणिज्य निरीक्षक श्री आर के सिंह के सुपुत्र श्री अभिषेक कुमार सिंह वर्ष 2024 की यूपीएससी परीक्षा में चयनित हुआ है। इन्होंने ऑल इंडिया रैंक 287 जनरल में प्राप्त की है, चयनित श्री अभिषेक कुमार सिंह ने मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की। मंडल रेल प्रबंधक ने उनके द्वारा यूपीएससी में हासिल की गई शानदार सफलता के लिए बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीद्यश्री अभिषेक की प्रारंभिक शिक्षा हाई स्कूल सीबीएसई बोर्ड, इंटरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड, एमबीबीएस केजीएमयू लखनऊ से हुई है मूलत मैनपुरी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं अभी वर्तमान में पश्चिम पुरी सिकंदरा आगरा में निवास है।



## फतेहपुर सीकरी-खानवा मार्ग की बदहाली से राहगीर परेशान



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी से खानवा की ओर जाने वाला मार्ग पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गया है, जिससे इस रास्ते पर चलने वाले वाहन चालक और आम नागरिक बेहद परेशान हैं। इस महत्वपूर्ण मार्ग से तेहरा रावत, जोतना खेड़ा, भोपुर, सिरौली आदि गांवों के अलावा राजस्थान सीमा के दर्जनों गांव जुड़े हुए हैं।गड्ढों से भरे इस मार्ग पर भारी वाहनों का लगातार आवागमन बना रहता है, जिसके कारण यहां दुर्घटनाएं आम बात हो गई हैं। मार्ग की दुर्दशा का एक बड़ा कारण यह भी है कि इसके दोनों ओर जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। परिणामस्वरूप, सड़क पर अक्सर जलभराव की स्थिति बनी रहती है, जिससे गड्ढे और भी गहरे हो जाते हैं और दुर्घटनाओं में लोग घायल होते रहते हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस गंभीर समस्या से जनप्रतिनिधियों और लोक निर्माण विभाग को कई बार मौखिक रूप से अवगत कराया है और शिकायतें भी दर्ज कराई हैं, लेकिन इसके बावजूद इस जटिल समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका है।

क्षेत्रीय जनता जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से पुरजोर अपील करती है कि वे इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराएं, ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना न हो। नागरिकों की मांग है कि मार्ग को दुरुस्त किया जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, जिससे इस मार्ग पर यातायात सुरक्षित और सुगम हो सके।

## ग्वालियर हाईवे पर खतरनाक गड्ढे : किसान का टैक्टर पलटा, स्थानीय लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद के थाना मलपुरा क्षेत्र में आगरा ग्वालियर हाईवे पर नगला माकरोल के पास एक और हादसा हो गया। जल भराव और गड्ढों की वजह से एक किसान का भूसे से लदा ट्रैक्टर ट्राली पलट गया। इस घटना से हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। किसान रामवीर ने बताया कि वह गांव रोहता के पास एक कालोनी में भूसा ले जा रहा था। गड्ढे में फंसने से ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और भूसा खराब हो गया। स्थानीय निवासी रमाकांत शर्मा के अनुसार यहां आए दिन वाहन पलटने की घटनाएं होती हैं, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। प्रिंस गोयल नाम के स्थानीय व्यक्ति ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही इन गड्ढों की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। रामेश्वर सिंह ने कहा कि हाईवे के दोनों किनारों पर नाला न बनने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी नगेंद्र फौजी ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। स्थानीय लोगों ने सड़क की मरम्मत की मांग की है।



## ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के यहाँ पहुंची चाणक्य सेना

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** कल सोशल मीडिया पर ब्रह्मण समाज की बहिन बेटी के खिलाफ जहर उगलने वाले अशोक यादव के यहाँ आंवलखेड़ा पहुंची चाणक्य सेना?। अशोक यादव की विवादित टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में आक्रोश है। आज अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष पवन समाधिया व चाणक्य सेना के सदस्यों द्वारा अशोक यादव के घर जाकर उसको मुंह तोड़ जबाब देने के लिए जा रहे थे। उससे पहले ही आवल खेड़ा चौकी पर बरहन थाने द्वारा मय फ़ोर्स के थाना अध्यक्ष ने रास्ते में ही जेसीबी व डम्फर लगाकर उनके काफिले को बीच रास्ते में रोक दिया। चाणक्य सेना और पुलिस की बीच में हुई बार्तालाप में 24 घंटे में गिरफ़्तार करने का चाणक्य सेना को आश्वासन दिया गया। थाना अध्यक्ष के द्वारा कार्यवाही के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। इसके बाद चाणक्य सेना के पदाधिकारियों ने वापिसी की। चाणक्य सेना के सदस्यो में पवन समाधिया पंकज शर्मा अवदेश शुक्ला राज बहादुर उपाध्याय शिवांजल पंडित शैलू पंडित शुभम उपाध्याय, बंटी शर्मा सौरभ पाठक अनिल शर्मा, रमाकांत तिवारी राहुल शर्मा विष्णु शर्मा, अर्जुन उपाध्याय, बंटी चौहान प्रवीण कुमार बनी सिंह, अवधेश शर्मा सुरेश शर्मा जीतेन्द्र पंडित, सतेन्द्र पंडित गुरु उपाध्याय संतोष शर्मा, करन शर्मा विक्रम दुबे आदि उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।



बैठक में नगर निगम, जल संस्थान, नगर पालिका परिषद, विद्युत विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने गर्मी के मौसम में बढ़ती जल आवश्यकता एवं नागरिकों को सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त विनोद कुमार को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र के सभी पंप हाउस व टंकियों की कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी की जाए एवं किसी प्रकार की तकनीकी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर निगम एवं जल संस्थान को निर्देशित किया गया कि वह जल संकट से प्रभावित मोहल्लों एवं क्षेत्रों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करें। आवश्यकतानुसार जल टैंकरों की संख्या बढ़ाई जाए एवं उनका संचालन सुचारु रूप से किया जाए। नागरिकों को पूर्व जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रखे जाएं। जलापूर्ति से जुड़े पंपिंग स्टेशनों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग को समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई पोर्टल, टेलीफोन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में स्वयं जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर भी पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की जा रही है, अतः सभी अधिकारी पूर्ण सक्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। बैठक में नगर आयुक्त विनोद कुमार, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राम शंकर, अपर नगर मजिस्ट्रेट, सहायक नगर आयुक्त, सुपरेन्डेन्ट इंजीनियर विद्युत पीए मोगा सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बन्द मकान से तीस हजार और सोने के जेवरात चोरी

**किरावली।** थाना किरावली के कस्बा वार्ड नं 14 देवनगर कौलोनी निवासी हकीम पुत्र नशीर के बन्द मकान से सोमवार मंगलवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने धमा-चौकड़ी मचा कर सूने घर से तीस हजार रुपए सोने की जंजीर, लोकेट, टोक्स आदि जेवरात को चुरा ले गये हैं। डायल 112 पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके के पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। कस्बा किरावली के वार्ड नंबर 14 देवनगर निवासी हकीम पुत्र नशीर ने तहरीर देकर थाना पुलिस को बताया कि सोमवार को रात्रि में घर पर कोई नहीं था जब सोमवार को सुबह घर आया तो घर का ताले टूटे पड़े थे।सामन बिखरा पडा देख दंग रह गया।हकीम ने बताया है कि सूने घर का फाइदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने घर के दरवाजे के ताले तोड कर घर की अलमारी से सोने का लोकेट, जंजीर, कानों के टोक्स और तीस हजार रुपए नगदी चोरी हो गई। डायल 112पर सूचना दी डायल 112पुलिस ने मौके की स्थिति की जांच की। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी केवल सिंह ने बताया है कि चोरी की घटना फर्जी है। जांच में सामने आया है कि घर बन्द रहता है घर स्वामी महीने में कभी कभार आते हैं ।

## पहलगाम आतंकवादी हमला-हाथरस में हिन्दू जागरण कार्यकर्ताओं में उबाल, सड़क पर उतर कर किया प्रदर्शन, पाकिस्तान का पुतला फूंका

**हाथरस।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में दो दर्जन से अधिक हिंदुओं के मारे जाने की जानकारी होने पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं के खून में उबाल आ गया और इस घटना के विरोध में आज हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंका और भारत सरकार से पहलगाम हमले का मुंह तोड़ जवाब देने की मांग की,हिंदू जागरण मंच के जिला सयोंजक श्री संदीप शर्मा ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस घटना से देश के गद्दारों को आतंकवाद का धर्म पता चल जाना चाहिए जो कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है घटना में मारे जाने वाले लोगों से केवल उनका धर्म ही पूछा गया था, जिला सहसंयोजक नरेंद्र प्रेमी ने कहा कि कब तक हिंदू पिटते रहेंगे मारे जाते रहेंगे पहले बंगाल में हिंदुओं का नरसंहार हो रहा था अब कश्मीर में इतना बड़ा हमला हुआ है, जिला सह संयोजक शिवम शर्मा ने कहा कि भारत सरकार को अब बड़ा कदम उठाने की आवश्यकता है जिससे आतंकवाद का जड़ मूल से नाश हो सके, नगर सह संयोजक मोर मुकुट वर्मा एवं लोकेश अग्रवाल ने कहा कि हिंदुओं पर हमले अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकते यह घटना बर्दाश्त से बाहर है भारत सरकार इसका मुंहतोड़ जवाब दे और पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से मिटाने का काम करे और देश में आतंकवादियों के स्लीपर सेलों पर भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, इस अवसर पर प्रमुख रूप से हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं में रूप किशोर वर्मा रवि वार्ष्णेय मनोज कुमार वर्मा रामगोपाल कुशवाहा, यवन चौहान, मुकेश शर्मा, शुभम ठाकुर, योगेश शर्मा, रोहित चौधरी, सुनील कुमार चौहान, पुष्पेंद्र कौशिक, गोलू उपाध्याय, मनीष कुमार, करण गुप्ता, रोहित सिंह, राजकुमार, सौरभ कुमार, अनूप पंडित सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## मोबाइल गेहूँ क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेंहू की खरीद

### कृषक बन्धु सेवा का लाभ लेने के लिए तहसील स्तरीय टीम से करें संपर्क

**अलीगढ़।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजीव कुलश्रेष्ठ ने अवगत कराया है कि राजकीय क्रय बढ़ाने के उद्देश्य से मोबाइल गेहूँ क्रय केन्द्रों के माध्यम से खरीद की जायेगी। उक्त के तहत क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के उचित दर विक्रेताओं एवं ग्राम प्रधानों से वार्ता की जायेगी और जिस ग्राम में एक ट्रक लोड गेहूँ क्रय की सम्भावना हो, वहीं मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से गेहूँ क्रय किया जायेगा। योजना का लाभ उठाने के लिए कृषक भाई अपने ग्राम के कृषकों से एक ट्रक भर गेहूँ की व्यवस्था होने पर अपनी तहसील से सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क कर मोबाइल टीम को अपने ग्राम में बुलाकर अपना गेहूँ विक्रय कर सकते है। उन्होंने बताया कि गेहूँ विक्रय के लिए कृषक भाईयों को खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। यदि पंजीकरण नहीं कराया है तो मोबाइल टीम द्वारा आधार कार्ड एवं खतौनी के प्रपत्र लेते हुए आपका पंजीकरण तत्काल कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि गेहूँ का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित है।

**मोबाइल क्रय के लिए तहसीलवार अधिकारी :**

कोल- श्रीमती मोनिका माहेश्वरी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी (9358618500), चिन्ताराम वर्मा एडीसीओ (9450511375), श्रीमती खुशबू वार्ष्णेय विपणन निरीक्षक (8178110764), अतरौली- रितेश सिंह, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी (9319466600), राजेन्द्र प्रसाद एडीसीओ (9451119590), श्रीमती ऋच्रा सिंह विपणन निरीक्षक (7985723610), खैर- सुमित सिंह विपणन निरीक्षक (9015477513), युवराज सिंह एडीसीओ (9412227855), शिखर कश्यप विपणन निरीक्षक (9457964792), गभाना- रितेश सिंह, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी (9319466600), युवराज सिंह एडीसीओ (9412227855), श्रीमती बबीता विपणन निरीक्षक (9140171831), इगलास- सुमित सिंह विपणन निरीक्षक (9015477513) अरविंद सिंह एडीसीओ (9756752788), शिखर कश्यप विपणन निरीक्षक (9457964792) से दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कृषक भाईयों को गेहूँ विक्रय में यदि कोई समस्या होती है तो वह जिला स्तर पर भी जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ (9919865525), सहायक निबन्धक सहकारिता कृष्ण कुमार (9457194599), जिला प्रबन्धक, पीसीएफ अनाकुल जैन (8765984868) एवं प्रबन्धक (खरीद) भा0खा0नि0 तेजमल कोहली (8427057120) के अतिरिक्त कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी में स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष संख्या 6395733179 एवं 9027862520 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न

### जनपद में लॉक म्यूजियम के प्रस्ताव पर बनी सहमति, न्यू दाऊद खॉ एक्सपोर्ट टर्मिनल को आगरा रोड से जोड़े जाने के दिए निर्देश

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्मार्ट सिटी परियोजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व नगर आयुक्त विनोद कुमार द्वारा जिले के ओडीओपी उत्पाद लॉक के प्रमोशन के लिए राष्ट्रीय लॉक म्यूजियम की स्थापना के प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण कराया गया। लॉक से संबंधित प्रदर्शन, प्रशिक्षण, विक्रय सुविधा, व्यावसायिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंधी गतिविधियां इस म्यूजियम की विशेषता होगी। उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित करते हुए राज्य स्तर पर प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया। जिले के डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में स्थित न्यू दाऊद खॉ रेलवे स्टेशन पर बने एक्सपोर्ट टर्मिनल को अलीगढ़-आगरा मुख्य सड़क से जोड़े जाने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को 10 दिन के अंदर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए गए। तालानगरी उद्योग क्षेत्र के लिए 132 केवीए सब स्टेशन की स्थापना हेतु ग्राम किढारा में भूमि का सर्वेक्षण कराए जाने के निर्देश उप जिला अधिकारी कोल को दिए गए। औद्योगिक आस्थान आईटीआई रोड व क्वार्सी चौराहे से ताला नगरी को जाने वाले मुख्य सड़क पर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने के निर्देश देते हुए नगर आयुक्त द्वारा सभी औद्योगिक संगठनों को यह आश्वासन दिया गया कि सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रुल्स के अनुसार भूखंड की साइज के आधार पर ही कचरा संग्रहण शुल्क वसूल किया जाएगा। निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि किसी भी विभाग का कोई भी प्रकरण निर्धारित समय सीमा अवधि के उपरांत लंबित नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों का समय सीमा अवधि से पूर्व ही गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए साथ ही उसको समय से पोर्टल पर भी अपडेट किया जाए। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा, उपायुक्त राज्य कर चंद्रशेखर, उपायुक्त श्रम शेर सिंह सहित विभिन्न अधिकारी एवं औद्योगिक संगठनों की ओर से नेकराम शर्मा, लल्लू सिंह, गणेश चौधरी सहित जनपद की समस्त प्रमुख औद्योगिक संगठनों के अधिकारी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

## पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में ट्रैक लेआउट सुधार कार्य, यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता जारी

**लखनऊ ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल यात्रियों की सुरक्षा और रेल संपत्ति की संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर तकनीकी सुधारों एवं निगरानी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। इसी कड़ी में मंडल के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा स्टेशनों, रेलवे यार्डों और विभिन्न रेलखंडों पर पटरियों का नियमित अनुरक्षण और मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है, जिससे संरक्षित एवं निर्बाध ट्रेन संचालन संभव हो सके।यात्रियों को सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करने तथा रेल संचालन को और अधिक विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से रेलवे यार्डों में ख्रश्शह्म्द्भस्र ख्नु4श्हह्ल ष्टश्रह्ल्द्मष्ह्लद्बश्ठ्ठ ड्डश्रह्म को प्राथमिकता के आधार पर संपादित किया जा रहा है। यह कार्य तब किया जाता है जब ट्रैक लेआउट में कोई गंभीर खराबी या अनियमितता– जैसे गेज, क्रॉस लेवल, या ट्विस्ट–पाई जाती है जो ट्रेन संचालन के लिए जोखिम उत्पन्न कर सकती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत ट्रैक माप सुधार, गिट्टी की समायोजन, टूटी या घिसी रेल एवं स्लीपर की मरम्मत और बदलाव जैसे कार्य मशीनरी (जैसे टैम्पिंग मशीन) और मैनुअल श्रम दोनों माध्यमों से किए जाते हैं।इन सुधार कार्यों के लिए ट्रैक निरीक्षण या ट्रैक रिकॉर्डर कार (टीआरसी) से प्राप्त डाटा के आधार पर दोषों की पहचान की जाती है और तत्पश्चात इंजीनियरिंग टीमें तत्काल आवश्यक कार्रवाई करती हैं।हाल ही में लखनऊ मंडल के अंतर्गत सहजनवां यार्ड के कांटा संख्या 201बी (अप लाइन) और गोरखपुर यार्ड के कांटा संख्या टी-21 में लेआउट सुधार कार्य करते हुए संबंधित प्वाइंट्स को सफलतापूर्वक शिफ्ट किया गया है। यह तकनीकी हस्तक्षेप न केवल संरक्षित संचालन को सुनिश्चित करता है, बल्कि रेल सेवाओं को दीर्घकालिक रूप से अधिक भरोसेमंद और टिकाऊ भी बनाता है।पूर्वोत्तर रेलवे का यह प्रयास यात्रियों को सुरक्षित, समयबद्ध और आरामदायक रेल यात्रा उपलब्ध कराने की दिशा में एक और ठोस कदम है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 30 अप्रैल को

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में 30 अप्रैल को सांय 5 बजे से आहुत की जाएगी। उक्त जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नीरज त्यागी ने देते हुए संबंधित अधिकारियों से अद्यतन सूचनाओं सहित बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

## विशेष लोक अदालत 26 अप्रैल को

**अलीगढ़।** जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 26 अप्रैल शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय एवं बाह्य स्थित न्यायालयों पर किया जाना है। विशेष लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों एवं आपराधिक शमनीय वादों (Petty Offences) मामलों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाएगा। एडीजे एवं पुर्णकालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने वादकारीगण से अनुरोध किया है कि वह विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत न्यायालय में लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों एवं आपराधिक शमनीय वादों (च्मजजल वॉिमदबमे) के निस्तारण के लिए आयोजित विशेष लोक अदालत का लाभ उठायें एवं जिला न्यायालय व बाह्य स्थित न्यायालयों में 26 अप्रैल को पहुँचकर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराकर विशेष लोक अदालत को सफल बनायें।

## वारंटी अभियुक्त को तालकटोरा पुलिस ने किया गिरफ्तार, 18 साल से था फरार

**लखनऊ ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के पश्चिमी जोन के अंतर्गत थाना तालकटोरा पुलिस ने एक लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे की गई, जब विशेष अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग तथा वांछित अपराधियों की तलाश की जा रही थी।इस कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दुबे ने किया, जो पुलिस आयुक्त के निर्देश और पुलिस उपायुक्त पश्चिमी, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिमी तथा सहायक पुलिस आयुक्त बाजारखाला के मार्गदर्शन में संचालित हो रहे अभियान का हिस्सा था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हसन रईस के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 60 वर्ष है। वह सपना कॉलोनी, थाना तालकटोरा, लखनऊ का निवासी है और पूर्व में लॉन्ड्री का कार्य करता था। हसन रईस वर्ष 2005 में थाना तालकटोरा में दर्ज मुकदमा संख्या 356/05, धारा 135 ईसी एक्ट के मामले में आरोपी था। इस मामले में वह लंबे समय तक न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ, जिसके चलते उसे न्यायालय द्वारा वारंटी घोषित किया गया था।

# अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस का सीएम योगी ने गर्मजोशी से किया स्वागत

- सीएम योगी ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति और उनके परिवार का पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत
- सड़क किनारे दोनों देशों के झंडे लेकर खड़े स्कूली बच्चों ने उनका हाथ हिलाकर किया स्वागत
- अमेरिकी उपराष्ट्रपति के स्वागत में दुल्हन की तरह सजा आगरा शहर, सजाए चौक- चौराहे

सांध्य पहल संवाददाता




आगरा। अमेरिकी उप राष्टपति जेडी वेंस बुधवार को ताजमहल का दीदार करने के लिए परिवार के साथ आगरा पहुंचे। पहली बार भारत यात्रा पर आए अमेरिकी उप राष्टपति जेडी वेंस को राज्य अतिथि का दर्जा दिया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं आगरा एयरफोर्स स्टेशन के टेक्निकल एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अमेरिकी उप राष्टपति जेडी वेंस और उनके परिवार का गर्मजोशी के साथ पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अमेरिकी उपराष्ट्र्पति जेडी वेंस अपने राजकीय स्पेशल विमान से सुबह 9.15 बजे आगरा के टेक्निकल एयरपोर्ट पहुंचे। यहां पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पगुच्छ देकर उनका और उनके परिवार का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सीएम योगी के भव्य स्वागत से अमेरिकी उपराष्टपति गदगद नजर आए। सीएम योगी का धन्यवाद कर अमेरिकी राष्टपति जेडी वेंस एयरपोर्ट से सीधे ताजमहल देखने के लिए रवाना हो गए। सड़क किनारे दोनों देशों के झंडे लेकर खड़े स्कूली बच्चों ने उनका हाथ हिलाकर स्वागत किया। अमेरिकी उपराष्ट्र्पति जेडी वेंस के आगरा दौरे को लेकर एयरपोर्ट से ताजमहल तक शहर को दुल्हन की तरह सजाया और संवारा गया। सड़क किनारे अमेरिका और भारत के राष्ट्रीय ध्वज लगाए गए । अमेरिकी उपराष्ट्र्पति के स्वागत में सुंदर रंगोली, सेंड आर्ट और चौराहों पर आकर्षक सजावट की गई। स्वागत में पूरे रूट पर बड़े- बड़े होर्डिंग और बैनर भी लगाए गए। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। एयरपोर्ट से शिल्पग्राम होते हुए ताजमहल तक करीब 12 किमी. सड़क पर कड़ी सुरक्षा रहेगी। अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों ने तीन दिन से आगरा में डेरा डाले रखा हुआ है जिस रूट से उप राष्टपति का काफिला गुजरा, वहां जीरो ट्रैफिक जोन रहा।

# ताज की खूबसूरती पर फिदा हुए अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस

**बोले- ताजमहल अद्भुत है...सच्चे प्यार, मानवीय सरलता और भारत की महान संस्कृति के प्रति श्रद्धांजलि का प्रमाण, ताजमहल में जेडी वेंस ने अपनी पत्नी और बच्चों के साथ डायना बेंच पर खिंचवाईं फोटो, करीब डेढ़ घंटे तक परिवार के साथ ताजमहल परिसर में रहे जेडी वेंस, बेटी को गोद में लेकर घूमें वेंस**

सांध्य पहल संवाददाता



आगरा। अमेरिकी उपराष्टपति जेडी वेंस ने अपने परिवार के साथ ताजमहल का दीदार किया। उन्होंने अपनी पत्नी उषा और तीनों बच्चे विवेक, इवान, मीराबेल के साथ डायना बेंच पर बैठकर फोटो खिंचवाई। वेंस अपनी बेटी को गोद में लेकर ताजमहल परिसर में घूमें। उपराष्टपति जेडी वेंस ने करीब डेढ़ घंटे तक परिवार के साथ मोहब्बत की इमारत का दीदार किया। इस दौरान उन्होंने विजिटर बुक में लिखा कि ताजमहल वास्तव में अद्भुत है। सच्चे प्यार, मानवीय सरलता और भारत की महान संस्कृति के प्रति श्रद्धांजलि का प्रमाण...धन्यवाद। अमेरिकी उपराष्टपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ सुबह करीब 10.15 बजे ताजमहल पहुंचे। ताजमहल परिसर में पहुंचते ही अमेरिकी उपराष्टपति जेडी वेंस के चेहरे पर अलग ही मुस्कान दिखाई दी। मानो वो ताज की खूबसूरती को शब्दों में बयां नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चों के साथ डायना बेंच पर फोटो खिंचवाए। इस दौरान वेंस का पूरा परिवार भारतीय रंग में रंगा नजर आया। दोनों बेटे एक जैसे पारम्परिक कुर्ता पायजामा पहने हुए दिखाई दिए, वहीं बेटी ने लहंगा, चोली पहनी हुई थी। अमेरिकी उपराष्टपति जेडी वेंस परिवार के साथ करीब ढाई घंटे तक आगरा में रहे। बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे अमेरिकी वायुयान से आगरा के खेरिया टेक्निकल एयरपोर्ट पर पहुंचे। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी के साथ अमेरिकी उपराष्टपति जेडी वेंस और उनके परिवार का स्वागत किया। अमेरिकी उपराष्टपति के दौरे को लेकर योगी सरकार द्वारा शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया। सीएम योगी के स्वागत से अमेरिकी उपराष्टपति गदगद नजर आए। वेंस के परिवार की एक झलक देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर हजारों लोग जुटे रहे। हालांकि सुरक्षा कारणों से पुलिस ने अधिक भीड़ एकत्र नही होने दी। उपराष्टपति की सुरक्षा में 20 आईपीएस अधिकारी, 3500 पुलिसकर्मी और ब्लैक कमांडो सुरक्षा में तैनात किए गए। वहीं ड्रोन से भी निगरानी रखी गई। बता दें कि अमेरिकी उपराष्टपति जेडी वेंस चार दिन के भारत दौरे पर हैं।

# हिन्दू महासभा ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की, शोक संतप्त परिवारों के प्रति जताई संवेदना




सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी गोपाल चतुर्वेदी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, ÷मैं पहलगाम, जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूँ। इस दुःखद घटना में जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं है। घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की मैं प्रार्थना करता हूँ। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दी जा रही है। अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश प्रभारी गोपाल चतुर्वेदी ने आगे कहा कि आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई अडिग है और इस तरह की नापाक हरकतों से देश की एकता और संकल्प को कभी कमजोर नहीं किया जा सकता। उन्होंने दोहराया कि ÷उनका यह नापाक मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई अडिग है, और यह संकल्प अब और भी प्रबल होगा। उन्होंने यह भी कहा कि ÷ऐसी घटनाएं हमें और मजबूत बनाती हैं, हमें एकजुट करती हैं और हमारे राष्टीय संकल्प को और दृढ़ करती हैं। देशभर में युवाओं के बीच प्रेरणा स्रोत के रूप में उभर रहे अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी गोपाल चतुर्वेदी ने देशवासियों से एकजुटता बनाए रखने की अपील की और कहा कि ऐसी घटनाएं हमें डराने नहीं, बल्कि जागरूक और मजबूत करने का कार्य करती हैं।

# शराब ठेके से चोरीः दीवार तोड़कर चोर ने उड़ाए 63 हजार रुपए, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

आगरा। अछनेरा विकास खण्ड के अंतर्गत गांव महुअर में देसी शराब की दुकान से दीवार तोड़कर 63 हजार 600 रुपए रुपये की नकदी चोरी कर ली गई। चोरी की जानकारी होने पर ठेका मालिक राकेश शर्मा ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। थाना शाहगंज की गैंदालाल कॉलोनी आगरा निवासी राकेश शर्मा का महुअर में मुनेश देवी के नाम से देसी शराब का ठेका खोल रखा हैं। पीड़ित राकेश शर्मा ने बताया कि ठेके पर कार्यरत सेल्समैन राहुल तोमर हाल निवासी इटौरा आगरा रविवार 10 बजे करीबन ठेका बंद कर अपने घर चला गया था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना किरावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव महुअर स्थित शराब के ठेके पर सोमवार रात्रि चारों ने बड़ी सेंधमारी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर ठेके की पीछे की दीवार काटकर अंदर घुसे ओर केश काउंटर में रखे 63,600 रुपये चोरी कर ले गए। यह पूरी घटना ठेके में लगे सीसीटीवी केमरे में कैद हो गई है। ठेके पर कार्यरत सेल्समैन राहुल पूत्र काले, निवासी नगला सितार, आगरा ने घटना कि जानकारी देते हुए बताया कि वह रोजाना की तरह सोमवार रात करीब 10 बजे ठेका बंद कर केश गल्ले में ताला लगाकर घर गया था। मंगलवार सुबह जब वह ठेका खोलने पहुंचा तो पीछे की दीवार टूटी हुई मिली ओर केश गायब था। सीसीटीवी फूटेज चेक किए तो चोरी की घटना मंगलवार तड़के करीब 2÷30 बजे की है। जिसमें एक या अधिक अज्ञात चोर ठेके में दाखिल होते नजर आ रहे हैं। राहुल ने इस संबंध में थाना किरावली में अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की कोशिश की जा रही है।



# अपर जिलाधिकारी, (न्यायिक) श्री धीरेन्द्र सिंह जी की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक संपन्न



सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। अपर जिलाधिकारी, (न्यायिक) श्री धीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागर में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद आगरा में आगामी वर्षाकाल में बाढ़ की सम्भावनाओं के दृष्टिगत् बाढ सुरक्षात्मक तैयारियों की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिस पर सभी विभागों ने अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित मन्तव्य व्यक्त किये। अपर जिलाधिकारी, (न्यायिक) आगरा द्वारा बाढ़ के समय बाढ़ की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक प्रबन्ध एवं कार्यवाही करने एवं अपने-अपने विभाग की कार्य-योजना तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में उपजिलाधिकारी खेरागढ़, सिंचाई विभाग, आपदा विशेषज्ञ विभाग, चिकित्सा विभाग, अग्नि शमन विभाग, लघु सिंचाई विभाग, आपूर्ति विभाग, पशु चिकित्सा विभाग एवं जल निगम के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आतंकवाद के खिलाफ आक्रोशः सर्राफा व्यवसाई उतरे सड़कों पर, कहा - सरकार के साथ है हर भारतवासी

**आगरा सर्राफा एसोसिएशन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का काली पट्टी बांध कर किया विरोध, मोमबत्ती जलाकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि**

सांध्य पहल संवाददाता





आगरा। सरकार को अविलम्ब कड़े कदम उठाकर अब आतंक की कहानी को खत्म करना चाहिए। इसके लिए हर भारतीय सरकार के साथ है। धर्म पूछकर निहत्थे भारतीयों को गोली मारना पाकिस्तानी समर्थक आतंकियों की कायरना और हैवानियत भरी हरकत है। जिसका भारत सरकार को मुंहतोड़ और यादगार जवाब देना चाहिए। यह वक्तव्य आगरा सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने फब्बारा स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। फब्बारा से सेठ गली स्थित मंदिर तक कैन्डल मार्च किया। आगरा सर्राफा एसोसिएशन के सभी सदस्य आज फब्बारा स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर आतंकी हमले के विरोध में काली पट्टी बांधकर एकत्रित हुए। दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी और सेठ गली स्थित मंदिर तक हाथों में मोमबत्ती लेकर कैन्डल मार्च किया। पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की। नितेश अग्रवाल ने कहा कि कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देने के लिए आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के साथ कश्मीरी पंडितों को पुर्नस्थापित करने के प्रयासों में तेजी आनी चाहिए। तभी कश्मीर की स्थिति में स्थिरता आएगी। एसोसिएशन के महामंत्री अशोक अग्रवाल ने कहा कि फिलिस्तीन के समर्थन में भारत में इजरायल का विरोध प्रदर्शन करने वाले तथाकथित धर्मनिर्पेक्ष नेता अब भारतीयों पर हुए आकंती हमले पर मौन धारण क्यों किए हैं। अब पाकिस्तान के विरोध में सड़कों पर क्यों नहीं उतरते। सीमा पर सुरक्षा के साथ देश के अन्दर दोगले चेहरा रखने वालों से भी सावधान रहने की जरूरत है।इस अवसर पर मुख्य रूप से विमल नयन फतेहपुरिया, कुलभूषण गुप्ता (राम भाई), संजय वर्मा, अंकुर गोयल, मयंक जैन, पंकज गर्ग, राजू मेहरा, सुनील वर्मा, मोहन सोनी, प्रदीप वर्मा, शिवा सोनी, घनश्याम वर्मा, योगेश मंत्री, राकेश मोहन, आशीष शर्मा, कन्हैया लाल गोयल, जय पुरसनानी, राजीव गुप्ता, महेश ग्वाला, वीरेन्द्र ग्रवाल, आशी अग्रवाल, मधु गोयल, देवेन्द्र गोयल, दिनेश अग्रवाल, गमेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# रोझौली में लाखों की चोरी, लगातार हो रहीं घटनाओं से दहशत में ग्रामीण



आगरा। फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रोझौली में दो घरों से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए की नगदी व गहनों को चुरा लिया, प्रातः खेतों में गहनों की खाली डिब्बे पड़े हुए ग्रामीणों को मिले मिले, चोरी की सूचना थाना पुलिस को दी गई है, मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने चोरी की घटना के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्राम पंचायत रोझौली निवासी ग्रामीण धर्म प्रकाश शर्मा पुत्र प्रताप सिंह ने थाना सीकरी में दी चोरी की तहरीर में बताया कि गर्मी के चलते घर के सभी सदस्य सो रहे थे तभी मुझे में गेट के दरवाजा खुला दिखा घर में जाकर देखा तो अलमारी का ताली टूटे हुए हैं चोरों ने 8 तोला सोना करीब 8÷30 ग्राम चांदी के जेवरात चोरी कर लिए, खेतों में गहनों के खाली डिब्बे पड़े मिले हैं। वहीं चोरी ने दूसरी चोरी की घटना ग्रामीण पप्पू बघेल के यहां की जहां अलमारी का ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपये नगदी व गहनों को चोर चुरा ले गए एक माह के अंदर चोरी की यह दूसरी घटना है जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

# सीकरी यार्ड में ट्रेन से आवारा सांड टकराया, रेल लाइन पर लगा सिग्नल टूटा



सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। फतेहपुर सीकरी बुधवार आज ट्रेन गाड़ी संख्या 09196 महू बड़ोदरा एफटीएस एसजेएन से मैन लाइन से थ्रू पास हो रही थी तभी ट्रेन के इंजिन से आवारा सांड टकराकर अप स्टार्टर सिंगनल एस 16 से टकराया जिससे उक्त सिंगनल टूट गया है। जिससे काफी देर रेल लाइन पर ट्रेन खड़ी रही । सूचना के बाद मौके पर रेलवे पुलिस एएसआई बीके चाहर मौके पर पहुंचे और नगर पालिका की जेसीबी से आवारा सांड को हटवा कर रेल लाइन को सुचारू कराया।

# सवारी को ऑटो में बैठाकर नशा कराकर मोबाइल लूटने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता




आगरा। सवारी को ऑटो में बैठाकर मोबाइल फोन व पैसों को छीनने की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को थाना सदर बाजार पुलिस ने दबोचा। 26 मार्च को आवेदक द्वारा थाना सदर बाजार पर प्रार्थना पत्र के माध्यम से शिकायत दी गयी कि आवेदक के साले की सदर बाजार चौकी क्षेत्र कैंट में हार्ट अटैक से मृत्यु हो गयी थी, मृतक के पास एक मोबाइल फोन व कुछ रुपये थे जो मृतक के परिजनों को नहीं मिले हैं। आवेदक से प्राप्त प्रार्थना पत्र की जांच थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा की गयी, जांच में सर्विलांस की मदद से मोबाइल फोन चोरी करने वाले तीन अभियुक्त अनिल यादव, राहुल व इमरान खान को 23 अप्रैल दिन बुधवार को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा आगरा कैन्ट पर एस0ई0डब्ल्यू0 आफिस के पास ऑटो(घटना में प्रयुक्त) से मृतक के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया अभियुक्तों के कब्जे से 1,350 रुपये भी बरामद हुए। मृतक का मोबाइल फोन बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी के आधार पर धारा 309(4) 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

**शराब पिलाकर लुटा मोबाइल**

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोबाइल फोन के सम्बन्ध में पूछा गया तो अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि 13 मार्च को समय करीब 11÷25 बजे रात्रि में तीनों अभियुक्त आटो से भगवान टाकीज पर खड़े थे तभी एक अज्ञात व्यक्ति शराब के नशे में आया और उसने बताया कि उसका बैग गाडी में छूट गया है, उसको ग्वालियर जाना है। तभी तीनों अभियुक्त उस व्यक्ति को कैन्ट स्टेशन पर छोड़ने की बात कहकर आटो में बैठाकर ईदगाह बस स्टेशन पर आये और वहां सभी ने मिलकर शराब पी, जब वह व्यक्ति काफी नशे में हो गया तो तीनों अभियुक्तों ने उसे पकड़कर उसकी जेब से 1500/ रुपये व एक मोबाइल फोन निकाल लिया और उसको रेलवे कालोनी, आगरा कैंट के बाहर छोड़ दिया था, मोबाइल अभियुक्त अनिल यादव ने ले लिया था, तथा मोबाइल के एवज में अभियुक्त अनिल यादव ने अभियुक्त राहुल व इमरान खान को 1,000 1,000/ रुपये अलग से दिये थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्तों में अनिल यादव पुत्र केदार यादव निवासी सोहल्ला अहीरपाडा आगरा कैन्ट, थाना सदर बाजार, आगरा और राहुल पुत्र कालू जाति गिहारा आदिवासी निवासी मिढ़ाकुर थाना किरावली, हाल निवासी मुस्तफा क्वार्टर थाना सदर बाजार, आगरा और इमरान खान पुत्र वहीद खान निवासी मुस्तफा क्वार्टर थाना सदर बाजार, आगरा हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी सदर बाजार बिरेशपाल गिरी, एसआई प्रविन्द्र कुमार, एसआई फारूख खान, प्रशिक्षु एसआई अभय प्रताप, कास्टेबल शिवम खटानिया,आदि शामिल रहें।

# वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन प्रारंभ, अपात्रों को नहीं मिलेगा लाभ

**जिलाधिकारी द्वारा वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन हेतु समस्त उपजिलाधिकारियों एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को दिए गये निर्देश, 73235 लाभार्थियों का हो रहा सत्यापन, जीवित को मृतक दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी, कर्मचारी पर होगी कड़ी कार्यवाही, जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत चिन्हित निर्धनतम परिवारों को मिलेगा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ**

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि बुजुर्गो को बेहतर जीवन देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना चलाई जा रही है। वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक ही योजना का लाभ पहुंच सके, इसके लिए नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेंशन भुगतान के लिए सूची में शामिल लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है, तथा मुख्य सचिव के शासनादेश के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त उपजिलाधिकारियों व समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसके अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन के 73235 लाभार्थियों का सत्यापन 30 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। मृतक एवं अपात्र पाए गए पेंशनरों को सूची से हटाकर, उनकी जगह नए पात्र लाभार्थियों को लाभांवित किया जाएगा। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वृद्धावस्था पेंशन हेतु 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बीपीएल आय सीमा के अंतर्गत वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन डीबीटी के माध्यम से तिमाही प्रदान की जा रही है। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश का निवासी होना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की वार्षिक आय 46,080 रुपये और शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 56,460 रुपये से कम होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से और शहरी क्षेत्र में जिलाधिकारी द्वारा नामित उपजिलाधिकारी अथवा अधिशाषी अधिकारी के माध्यम से करवाया जा रहा है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि निदेशक, समाज कल्याण द्वारा समस्त मंडलीय उप निदेशक एवं समाज कल्याण अधिकारियों को रेण्डम क्रॉस वेरिफिकेशन करते हुए सत्यापन की गुणवत्ता का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके आधार पर जीवित पेंशनर्स को मृतक दर्शाए जाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ जिलाधिकारी द्वारा दंडात्मक कार्यवाई की जाएगी साथ ही यह भी निर्देश दिए गये हैं कि विभागीय अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सत्यापन समयबद्ध और गुणवत्तापरक हो। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा हर गांव से 25 परिवार चिन्हित किए गए हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, इन परिवारों को समाज की मुख्य की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई है। चिन्हित परिवारों के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों को भी सत्यापन के दौरान पात्रता के अनुसार आवेदन करवाए जाएंगे और उनको लाभ दिलवाया जाएगा और पात्र लाभार्थियों को जून माह से प्रथम किश्त की पेंशन दी जाएगी। इस योजना को पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग कर कई ठोस कदम उठाए गए हैं। जैसे लाभार्थियों को समय से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करवाने के लिए उनके आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही की जा रही है। लाभार्थियों के आधार और मोबाइल नंबर को बैंक खातों से लिंक करवाया कर एकीकृत पोर्टल के माध्यम से एक व्यक्ति किसी एक पेंशन में ही लाभ प्राप्त कर सके यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

# अज्ञात कारणों से सरकारी फार्म व किसानों के खेतों में लगी भीषण आग

**गेहूं के खेत में बची नरी व भूसा जला, किसानों का काफी नुकसान**

आगरा। फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार दोपहर अटल आवासीय विद्यालय समीप ग्राम जाजऊ सरकारी कृषि फार्म क्षेत्र व किसानों के खेतों लगभग 200 बीघा क्षेत्रफल में आग लगने से कंपास मशीन द्वारा खेतों में गेहूं काटने के बाद अवशेष बचे गेहूं व भूसा में भयंकर आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। सूचना के बाद पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया है। बुधवार दोपहर अज्ञात कारणों से सरकारी फार्म व डेढ़ दर्जन करीब किसानों जिनमें सुरेश सिंह, कालू प्रधान, जयपाल सिंह, योगेश, छोटू, दिनेश पंडित, यदुवीर हंसा, हरिभान सिंह, जगबीर सिंह, अशोक आमेट अन्य किसानों के खेतों में कंपास द्वारा काटी गई नरी व भूसे में आग लग जाने से विकराल स्थिति हो गई सूचना के बाद मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंची जहां ग्रामीणों की मदद से बा मुश्किल आग पर काबू पाया जा सका। आग की सूचना मिलने पर एसडीएम राजेश कुमार जायसवाल, थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का अवलोकन किया है।



# पूर्व प्रधान वारंटी को भेजा जेल

**फतेहपुर सीकरी ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकरौदा से एक वारंट में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया जिसे मंगलवार को जेल भेजा गया है । थाना प्रभारी धर्मेंद्र दहिया के अनुसार आरोपी शिवप्रसाद पुत्र दरब सिंह विगत 2 वर्ष पूर्व हुए एक झगड़े में न्यायालय से वारंट आने के बाद फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने पड़कर मंगलवार को जेल भेज दिया हे।

## संपादकीय

# आखिर क्यों हुआ पहलगाम पर आतंकी हमला

(मनोज कुमार अग्रवाल)

एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के सरकारी दावों को पलीता लगाते हुए पाकिस्तान समर्थित चरमपंथी आतंकियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या को अंजाम देकर समूचे देश को झकझोर दिया है। लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 28 से ज्यादा पर्यटकों की मौत की आशंका है। इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया है जिनके तार टीआरपीएफ से जुड़े हुए है। इस संगठन को लश्कर का ही प्रॉक्सी बताया जाता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने 50 राउंड फायरिंग की थी, कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक दावा हुआ है कि लोगों से उनका मजहब पूछकर मारा गया। जाहिर है सदियां बदली,तारीखें बदली,लेकिन इक्कीसवीं सदी में भी कुछ जनूनी,चरमपंथी बर्बर मानसिकता नहीं बदली जो कभी हमास कभी तालिबान तो कभी लश्कर ए तैयबा का मुखौटा लगा कर बेगुनाहों का मजहब पूछ कर खून की होली खेलते हैं। जरूरत इस बर्बर मानसिकता के इलाज की है। आपको बता दें कि आतंकियों ने पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही हमले के लिए क्यों चुना? इसके पीछे एक बड़ी वजह आने वाले दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं में दहशत फैला कर यात्रा में बाधा उत्पन्न करना है। दूसरी वजह अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान इस तरह की खूनी वारदात कर कश्मीर के मुद्दे को विश्वमंच पर जिंदा रखने की पाकिस्तान की साजिश है। जानकार बताते हैं कि जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है, यह काफी ऊंचाई पर स्थित है। अब वैसे तो पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती दिखती है, लेकिन पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। इससे पहले पहलगाम में क्योंकि कभी ऐसा हमला भी नहीं हुआ, ऐसे में ज्यादा फोर्स नहीं देखी गई। पहलगाम आए पर्यटक खुद बता रहे हैं कि जब हमला हुआ, कोई फोर्स उस समय वहां नहीं थी, लोग ही एक दूसरे की भागने में मदद कर रहे थे। जाहिर है कि सरकार कुछ भी दावा करे लेकिन सुरक्षा में भारी कोताही और सजगता में चूक ही इस आतंकी हमले के पीछे एक बड़ी वजह बनी है। दरअसल लंबे समय से आतंकवाद पर नियंत्रण के बाद कहीं न कहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में थोड़ी ढील हुई और आतंकी इसी का फायदा उठाकर हिन्दू पर्यटकों के साथ खून की होली खेलने में कामयाब हो गए। कई रिपोर्ट्स बता रही हैं कि इस आतंकी हमले के एक घंटे बाद सुरक्षाबल वहां आने शुरू हुए, इलाके को कंट्रोल में लिया गया। लेकिन आतंकियों को इस पूरे इलाके की जानकारी थी, उन्हें भी पता था कि यहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में सुरक्षा कम है। पहलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं, पर्यटक खच्चर के जरिए ही वहां तक पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है। ये सारी जानकारी भी इन दहशतगर्दों को पहले से थी। माना जा रहा है कि इसी वजह से टूरिस्ट सीजन में पहलगाम को निशाना बनाया गया। वहीं यह इलाका क्योंकि जंगलों से घिरा हुआ है, ऐसे में आतंकी वहां से आए और वहीं से भाग भी गए। अभी के लिए पूरे इलाके में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चल रहा है, एनआईए भी वहां पहुंच चुकी है। पहलगाम को निशाना बनाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अमरनाथ यात्रा के रूट में यह क्षेत्र पड़ता है। अमरनाथ जाने के दो रास्ते रहते हैं, एक रास्ता पहलगाम से होते हुए जाता है। ऐसे में आतंकी हमला कर ना सिर्फ पर्यटकों के मन में डर पैदा करने की कोशिश हुई है बल्कि सरकार को भी सीधी चुनौती दे दी गई है। समझने वाली बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर की सबसे ज्यादा आय पर्यटन के जरिए होती है, जितने अधिक टूरिस्ट घाटी में आते हैं, उतना ही जम्मू-कश्मीर का विकास भी होता है। लेकिन कश्मीरियों और कश्मीर का विकास इन आतंकियों की सबसे बड़ी हार है, ऐसे में उसे खत्म करने के लिए ऐसे कायराना हमले पहले भी किए जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले भी घाटी में टूरिस्ट्स को निशाना बनाकर भय का माहौल बनाने की कोशिश हुई है। हमले के बाद फरार हुए आतंकियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बलों ने भी बड़ा अभियान छेड़ दिया है। कश्मीर में यह हमला उस समय हुआ, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर आए हैं। साल 2000 से अब तक जम्मू-कश्मीर में आतंकी कई बार पर्यटकों, श्रद्धालुओं और स्थानीय को अपना निशाना बना चुके हैं। आतंकवादियों ने 21 मार्च की रात को अनंतनाग जिले के छत्तीसिंहपोरा गांव में अल्पसंख्यक सिख समुदाय को निशाना बनाया, जिसमें 36 लोग मारे गए। अगस्त 2000 में नुन्वान बेस कैंप पर हुए आतंकी हमले में दो दर्जन अमरनाथ तीर्थयात्रियों सहित 32 लोग मारे गए। जुलाई 2001 में 13 लोग मारे गए। अनंतनाग के शेषनाग बेस कैंप पर हुए इस आतंकी हमले में अमरनाथ यात्रियों को फिर से निशाना बनाया गया, जिसमें 13 लोग मारे गए। एक अक्टूबर 2001 को श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर राज्य विधानमंडल परिसर पर आत्मघाती (फिदायीन) आतंकी हमला हुआ, जिसमें 36 लोग मारे गए। 2002 में चंदनवाड़ी बेस कैंप पर आतंकी हमला हुआ और 11 अमरनाथ यात्री मारे गए। 23 नवंबर, 2002 को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दक्षिण कश्मीर के लोअर मुंडा में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में नौ सुरक्षा बल कर्मियों, तीन महिलाओं और दो बच्चों सहित उन्नीस लोगों की जान चली गई। 23 मार्च 2003 को आतंकवादियों ने पुलवामा जिले के नंदी मार्ग गांव में 11 महिलाओं और दो बच्चों सहित कश्मीरी पंडितों की हत्या कर दी।

# जम्मू कश्मीर के सरकारी कर्मचारियों की निष्ठा संदेह के घेरे में

(इंजी.अतिवीर जैन 'पराग'- विनायक फीचर्स)





पहलगाम के आतंकी हमले में दो विदेशियों सहित 26 व्यक्तियों की मौत और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए । यह हमला ऐसे समय हुआ जब अमेरिका के उपराष्टपति जे डी वेंस भारत के दौरे पर है , और भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की यात्रा पर गए हुए थे । इस भीषण आतंकी हमले के बाद घाटी में पर्यटन कारोबार का ठप होना बिल्कुल तय है । सरकार को आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान की कमर तोड़ना बहुत जरूरी है । यह सर्व विदित है कि सभी आतंकी संगठन विभिन्न नामों से पाकिस्तान के द्वारा ही संचालित है । पाकिस्तान भारत से युद्ध की स्थिति में तो कभी जीत ही नहीं सकता इसलिए वह अपने आतंकवादी खेल के द्वारा कश्मीर घाटी में सामान्य स्थितियों को बिगाड़ने के लिए नियमित रूप से आतंकियों को भेजता रहता है। अब समय आ गया है कि भारत को भी इजरायल की तरह पाकिस्तान में घुसकर आक्रमण करना चाहिए। पाकिस्तान के जिस भी शहर में आतंकी संगठन के नेता बैठे हुए हैं वहां घुसकर उनको खत्म करना चाहिए और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को सैनिक कार्रवाई कर भारत में मिला लेना चाहिए,जिससे पाक से नियमित होने वाली आतंकवादी गतिविधियों पर विराम लग सके। यह भी सोचने का विषय है कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद यह घाटी में पहला बड़ा हमला है। यानी अनुच्छेद 370 हटाने के पांच साल तक कोई भी बड़ा हमला आतंकवादियों द्वारा नहीं किया जा सका क्योंकि उस समय वहां पर राष्ट्पति शासन लगा रहा और अब जबकि चुनाव के बाद उमर अब्दुल्ला की सरकार अक्टूबर 2024 में कश्मीर में शासन में आई तो छह महीने के अंदर ही इतना बड़ा आतंकी हमला हो गया। क्या इससे नेशनल कांफ्रेंस सरकार की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह नहीं लगता ? जैसा कि खबरों में आ रहा है कि इस समय 150 से ज्यादा आतंकी जम्मू और श्रीनगर में घाटी में सक्रिय हैं। इसका मतलब क्या निकाला जाए ? उमर अब्दुल्ला की सरकार आने के बाद आतंकियों को जम्मू और कश्मीर में घुसपैठ करने में आसानी हो गई है ? और इसी कारण यह हमला हुआ है ? जब एक चुनी हुई सरकार कश्मीर में है तो क्या उसका कोई दायित्व नहीं बनता ? क्या उसकी कोई जवाबदेही नहीं है ? सिर्फ केंद्र सरकार घाटी में आतंकवाद के लिए जिम्मेदार या जवाब देह क्यों ? पिछले लगभग सात दशकों से जम्मू कश्मीर में कांग्रेस, पीडीपी या नेशनल कांफ्रेंस की सरकारें रही जो लगातार आतंकवाद को और आतंकवादियों को पालती पोसती रही। घाटी की मस्जिदों में आतंकवादियों को और हथियारों को शरण दी जाती रही है।पहले भी जम्मू कश्मीर सरकार में 60 से 80त्न तक पाक समर्थक कर्मचारी रहे थे और आज भी यह संख्या 30 से 50त्न तक हो सकती है । 1990 के बाद तो आतंकवादियों की शरण स्थली गर्मियों के मौसम में जम्मू के सरकारी क्वार्टर हुआ करते थे, क्योंकि उस समय वहां के कर्मचारी श्रीनगर चले जाया करते थे। जब सर्दियों में राजधानी जम्मू आ जाती थी तो श्रीनगर के सरकारी क्वार्टर आतंकवादियों की शरण स्थली बने रहते थे।आज मौजूदा परिस्थितियों में जरूरी है कि जम्मू कश्मीर के सभी सरकारी कर्मचारियों की भारतीय निष्ठा की जांच की जाए और वहां देश के दूसरे राज्यों के नागरिकों को नौकरियां दी जाए, जिससे सरकार प्रायोजित आतंकवाद खत्म हो सके।

उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत सरकार पहले की तरह इस बार भी कोई बड़ी कार्रवाई करेगी पर इस बार पाक अधिकृत कश्मीर को भी भारत में मिला लेना चाहिए तभी आतंकवाद पर कुछ हद तक लगाम लग पाएगी।

## शब्द सामर्थ्य -027

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | ■ | | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 026 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू- दोकू क्र.027

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 026 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# गृहस्थी के साथ भक्ति की परंपरा सिखाता है वल्लभाचार्य जी का पुष्टि मार्ग

(डॉ.मुकेश कबीर-विभूति फीचर्स)



(प्रभु वल्लभाचार्य जयंती 24अप्रैल)

मध्यकाल में हुए भक्ति आंदोलन के सर्वश्रेष्ठ आचार्य माने जाते हैं वल्लभाचार्य। वल्लभाचार्य जी ने न केवल सन्यास मार्ग की अवधारणा को गलत बताया बल्कि गृहस्थी को भी भक्ति और सन्यास से जोड़कर एक नई परंपरा शुरू की जिसे पुष्टि मार्ग के नाम से जाना जाता है। पुष्टि मार्ग गृहस्थी के समस्त दायित्वों को पूरा करते हुए भी भक्ति और संन्यास का मार्ग प्रशस्त करता है,इसके पहले शंकराचार्य जी ने भक्ति मार्ग को प्रशस्त किया था लेकिन उनके भक्ति मार्ग में गृहस्थी का निषेध था क्योंकि उनका प्रसिद्ध सूत्र था ब्रह्म सत्यम जगत मिथ्या। इस मान्यता के अनुसार ईश्वर की भक्ति ही सर्वश्रेष्ठ है लेकिन इसके लिए संसार का त्याग भी उतना ही जरूरी है, स्वयं शंकराचार्य जी भी इसी सिद्धांत पर चले थे और उनके बाद निंबार्काचार्य,रामानुजाचार्य और वल्लभाचार्य भी भक्ति मार्ग के ही प्रकाश स्तंभ रहे जिनका प्रभाव आज तक दुनिया में कायम है। निंबार्काचार्य जहां द्वैताद्वैत के सूत्र पर चले तो वहीं रामानुजाचार्य विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रहे लेकिन वल्लभाचार्य जी का सिद्धांत शुद्धाद्वैत रहा । इन चारों सिद्धांतों में ऊपरी फर्क यह है कि जहां शंकराचार्य जी ने ब्रह्म और जगत को पृथक बताया तो निंबार्काचार्य ने ब्रह्म और जगत को पृथक् मानते हुए भी एक माना क्योंकि उनका मूल तत्व एक ही है इसलिए उनका सिद्धांत द्वैताद्वैत रहा और वहीं रामानुजाचार्य के अनुसार जीव भी ब्रह्म का ही स्वरूप है लेकिन जगत में लिप्त है इसलिए यह दोनों एक होकर भी पृथक हैं और पृथक होते हुए भी एक ही हैं इसलिए इनका सिद्धांत विशिष्टाद्वैत रहा लेकिन वल्लभाचार्य ने ब्रह्म और जगत में ब्रह्म और जीव में कोई अंतर ही नहीं माना,वल्लभाचार्य के अनुसार सारी सृष्टि और समस्त जीव ब्रह्म ही हैं इसलिए यहां किसी तरह का कोई द्वैत संभव नहीं तभी इसको उन्होंने नाम दिया शुद्धाद्वैत और इसी शुद्धाद्वैत के सिद्धांत का पालन करते हुए ही उन्होंने सांसारिक जिम्मेदारियों का निर्वाहन करते हुए भी ईश्वर की भक्ति करने की बात कही और भक्ति को भी प्रयास के बजाए सहजता से करने की बात कही,जो भी और जितना भी सहजता से प्राप्त हो जाए उसे ईश्वर की कृपा मानकर,उसी में संतुष्ट रहकर भक्ति करते रहें इसीलिए इस मार्ग को कृपा मार्ग भी कहा गया और पुष्टि मार्ग भी क्योंकि जीव ब्रह्म ही है इस बात की पुष्टि वल्लभाचार्य करते हैं जीव को ब्रह्म तक पहुंचने की या ब्रह्म बनने की साधना करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वो ब्रह्म ही है बस इसका दृष्टिगत भेदभाव खत्म करने की जरूरत है। स्वयं को और समस्त जीव जगत को ब्रह्म मानकर ही सहज जीवनयापन ही भक्ति का सर्वश्रेष्ठ विधान है, इसलिए वल्लभ संप्रदाय और अन्य संप्रदायों में सबसे बड़ा फर्क यह भी है कि अन्य मार्ग जहां सांसारिक बंधनों को तोड़कर, संन्यासी जीवन जीते हुए ईश्वर की भक्ति करने को प्रेरित करते हैं वहीं पुष्टि मार्ग गृहस्थ रहते हुए भी भक्ति करने के लिए प्रेरित करता है,यहां शादी का निषेध नहीं है और भौतिक वस्तुओं का भी कोई निषेध नहीं है बस उनको अपना मानने के बजाए ईश्वर का स्वरूप मानकर ग्रहण करें और उनको भोगते हुए भी मन से उनके प्रति अनुराग न रखें। यह सबके लिए सहज है।

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुंचे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आज आपको सोच-समझकर लेने चाहिए। घरवालों के साथ कहीं मंदिर दर्शन करने जाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक रहने वाला है। मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**वृषभ** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम बच सकता है। जो लोग आपको अभी तक ताना दे रहे थे आज उनको कुछ कर दिखाने का दिन है, आप जिस भी काम को करेंगे उसमें आपको सफलता के योग बन रहे हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिलेगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपको लाभ होगा।

**मिथुन** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा। आज किसी को दिए पैसे आपको मिल जाएंगे इससे आपको आर्थिक सपोर्ट मिलेगा साथ ही आप कुछ नया खरीदने का विचार करेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी बड़ी कंपनी से कॉल आएगी।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। इस राशि के छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, जल्द ही सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। इस राशि के अकाउंटेंट के लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। जीवनसाथी आज आपको खुश होने की वजह देंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। लवमेट से मन पसंद उपहार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज आपके पारिवारिक रिश्तें में मधुरता बढ़ेगी। सभी लोग हंसी-खुशी रहेंगे। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा, बचत की ओर खासतौर पर ध्यान देना होगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। माता-पिता आपको गिफ्ट देंगे, इससे पूरे दिन आपके चेहरे पर प्रसन्नता बनी रहेगी। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

**कन्या** — आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वाले आज आपको अच्छी राय देंगे। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से पूरा करेंगे, जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा। आज आपके व्यापार में उम्मीद से अधिक धन लाभ होगा। अगर आज जॉब चेंज करना चाहते है तो सोच-समझ कर ही करें। आज शाम तक शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा। लवमेट के रिश्ते में और मधुरता बढ़ेगी।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लंबे समय से रुके हुए सरकारी कामों का आज निपटारा हो जाएगा। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे। आज आपके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आयेगा, इससे जीवनसाथी प्रसन्न होंगे।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है, जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको रिलैक्स फील होगा। बच्चे आपको शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आज आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। लवमेट आज अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा।

**धनु** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ेंगी, जिसे पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे। आज लोग आपकी बातों से प्रभावित होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कुछ नई जिम्मेदारियां मिलेगी। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नए कदम उठाएंगे। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों में सहयोग करेगी।

**मकर** — आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिताएंगे। आज आपके लिए फैसला करना थोड़ा मुश्किल होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं जाने का प्लान कैंसिल करना पड़ सकता है। किसी काम में अनुमान से ज्यादा धन लाभ होगा। आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है। छात्र आज ऑनलाइन किसी टॉपिक को समझने की कोशिश करेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, आज बड़ा प्रोजेक्ट हाथ लगेगा।

**कुंभ** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप किसी रिश्तेदार से मिलने, उनके घर जाएंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज बड़ी सफलता मिलेगी। आज आपको किसी सामाजिक समारोह में जाने का मौका मिलेगा। लोग आपकी बातों से प्रभावित होकर आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

**मीन** — आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। आज आप अपने कार्यों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप आगे आने वाली किसी समस्या से बच जाएंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही आज का दिन कम मेहनत में ज्यादा फल दिलाने वाला रहेगा।

- राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

# गांव की चौपाल लोकतंत्र का सशक्त आधार

**पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र का आधार स्तंभ है। गाँवों में सुशासन, पारदर्शिता और जनहितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाने में इनकी भूमिका अनमोल है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में लोकतंत्र की जडें मजबूत करने के लिए मीनी स्तर पर लोकतांत्रिक संस्थाओं का विकास अत्यंत आवश्यक है, इसी उद्देश्य से पंचायती राज व्यवस्था स्थापित की गई, ताकि आम नागरिकों की भागीदारी ग्राम स्तर तक सुनिश्चित की जा सके। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस हम सभी को यह याद दिलाता है कि गांव की चौपाल यानी सशक्त पंचायतें ही समर्थ भारत की नींव हैं। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जानते हैं क्यों लोकतंत्र का सशक्त आधार है पंचायती राज?**

- डॉ.केशव पाण्डेय



24 अप्रैल को प्रति वर्ष देश में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिवस इस बात का प्रतीक है कि भारत में लोकतंत्र केवल दिल्ली की संसद या विधानसभा भोपाल तक सीमित नहीं है, बल्कि गाँव-गाँव की चौपाल तक फैला हुआ है।

पंचायती राज भारत में कोई नई अवधारणा नहीं है। यह व्यवस्था हमारे प्राचीन काल से चली आ रही है। गाँवों में पंचों की सभा, जिसे 'पंच परमेश्वर' कहा जाता था, स्थानीय विवादों का समाधान करती थी। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद यह महसूस किया गया कि इसे एक संवैधानिक आधार देकर और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि ÷भारत की आत्मा उसके गाँवों में बसती है÷। उन्होंने ग्रामीण स्वराज की कल्पना की थी, जिसमें हर गाँव आत्मनिर्भर हो और अपने फैसले खुद लेने में सक्षम हो।

इसी परिकल्पना को साकार करने के लिए भारत सरकार ने 24 अप्रैल 1993 को 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू किया। जिसके जरिए पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया। क्योंकि भारत की आत्मा गाँवों में बसती है, और इन गाँवों को संगठित रूप से चलाने के लिए पंचायतें गठित की जाती हैं। इसी उद्देश्य से पंचायत व्यवस्था को त्रिस्तरीय बनाया गया। जिसके तहत ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत, ब्लॉक या खंड स्तर जनपद समिति और जिला स्तर पर जिला परिषद बनाई गई।

यह दिन न केवल पंचायतों की उपलब्धियों को रेखांकित करता है, बल्कि ग्राम स्वराज के विचार को भी सशक्त करता है। इस अवसर पर केंद्र व राज्य सरकारें पंचायतों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण, नई योजनाओं की घोषणा और संवाद कार्यक्रम आयोजित करती हैं।

यह दिन भारतीय लोकतंत्र की उस नींव को सम्मानित करता है, जो गाँवों की सरकार यानी पंचायतों के रूप में कार्य करती है। साथ ही पंचायतों की भूमिका और उनकी उपलब्धियों को याद करने और उन्हें सशक्त बनाने के संकल्प का प्रतीक भी है।



इन संस्थाओं को स्थानीय विकास, सार्वजनिक कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गई। मौजूदा परिवेश में लोकतांत्रिक सहभागिता की प्रतीक पंचायतों में आम नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण जनता को निर्णय प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिलता है। महिलाओं, अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण किया गया है, जिससे समावेशी विकास संभव हो पाया है। वित्तीय स्वायत्तता प्रदान करने के लिए पंचायतों को स्थानीय कर लगाने और सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही स्थानीय आवश्यकता के अनुसार पंचायतें अपने क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाती हैं, जिससे कार्यों में प्रभावशीलता बस्ती है। इसी कारण ग्रामीण सडकों, बिजली, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होना पंचायती राज की उपलब्धियाँ मानी जाती हैं। कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएँ जैसे- मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि पंचायतों के माध्यम से लागू होती हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पंचायती राज में महिलाओं की भागीदारी में अभूतपूर्व वृद्धि होने से वर्तमान में लाखों महिला सरपंच और पंच कार्यरत हैं। प्रदेश के विभिन्न जनपद और जिला पंचायतों में अध्यक्ष के तौर पर महिलाएं अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर नये कीर्तिमान रच रही हैं। उनकी बेहतर कार्यप्रणाली और ग्राम सभाओं के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही ब?ी है। सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावशाली ढंग से हुआ है, क्योंकि अब निर्णय स्थानीय स्तर पर लिए जाते हैं। हालांकि अब भी महिलाओं की आड़ में पुरुष अपनी नेतागिरी चमकाते नजर आते हैं। बावजूद इसके पंचायती राज व्यवस्था ने काफी प्रगति की है। पंचायत चुनावों में जनता सीधे अपने प्रतिनिधियों को चुनती है, जिससे लोकतंत्र की जडें मजबूत होती हैं। लेकिन अभी भी कई चुनौतियाँ मौजूद हैं, इनमें प्रमुख हैं प्रशिक्षण की कमी-कई बार चुने गए प्रतिनिधियों के पास प्रशासनिक या तकनीकी जानकारी का अभाव होता है। वित्तीय निर्भरता सबसे बडी समस्या है, क्योंकि आज भी उच्च स्तर पर पंचायतें वित्तीय सहायता के लिए सरकारों पर निर्भर हैं। भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के चलते प्रदेश व देश की अनेक पंचायतों में पारदर्शिता का अभाव दिखता है। इनके कारण होने वाले राजनीतिक हस्तक्षेप से पंचायतों के स्वतंत्र कार्य में कई बार राजनीतिक दबाव बाधा उत्पन्न करता है। महिलाओं की प्रतीकात्मक भागीदारी भी सबसे बडी समस्या है। आरक्षण व्यवस्था के चलते महिलाएं पंच, सरपंच, जनपद, जिला पंचायत सदस्य और अध्यक्ष बन तो जाती हैं लेकिन उनके स्थान पर उनके पति या पुत्र के निर्णय लेने की खबर अक्सर देखने और पढने को मिल जाती हैं।

इन सब चुनौतियों के परे सशक्त पंचायती राज की दिशा में सरकार और विभिन्न संस्थाएं मिलकर कई कदम उठा रही हैं। पंचायतों को डिजिटल बनाने के लिए ई-पंचायत परियोजना चलाई जा रही है। निर्वाचित प्रतिनिधियों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। ग्रामीण विकास योजनाओं का जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रयास जारी है। व्यवस्था का उद्देश्य लोगों को भागीदारीपूर्ण शासन देना है, जिसमें स्थानीय विकास योजनाएँ, संसाधनों का प्रबंधन, और जनहित के निर्णय स्थानीय जनता की भागीदारी से लिए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के सशक्त भारत के संकल्प के तहत 'लोकल फॉर वोकल' और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में पंचायतों की भागीदारी को बढावा दिया जा रहा है। पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। यह एक ऐसा माध्यम है जिससे आम नागरिक सत्ता और प्रशासन के करीब आ पाता है और अपने विकास में स्वयं की भागीदारी सुनिश्चित कर सकता है। पंचायती राज दिवस हमें यह याद दिलाता है कि सशक्त ग्राम पंचायतें ही सशक्त भारत का आधार बन सकती हैं। हमें मिलकर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम पंचायतों को केवल औपचारिक संस्था न मानें, बल्कि उसे जनभागीदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी का सशक्त माध्यम बनाएं। तभी भारत का समग्र और समावेशी विकास संभव होगा।

# सीएम डैशबोर्ड के बिंदुओं में कार्यवाही कर विभाग की रैंकिंग में सुधार करें : कलेक्टर

## सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें : कलेक्टर

**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड के एजेण्डा बिन्दुओं में शामिल विभागीय कार्यों में तत्परता से कार्यवाही करें। इन बिन्दुओं पर तीन दिवस में कार्यवाही कर रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज कराएं और विभाग की रैंकिंग में सुधार करें। सीएम डैशबोर्ड के बिन्दुओं की 28 अप्रैल को आयोजित होने वाली समाधान ऑनलाइन बैठक में समीक्षा की जाएगी। डैशबोर्ड में 16 विभागों के 38 बिन्दु शामिल हैं। संबंधित अधिकारी इन पर तत्परता से कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी तत्परता से निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी स्वामी विवेकानंद योजना में लंबित 63 तथा सुदामा प्री मैट्रिक योजना में लंबित 138 छात्रवृत्ति के आवेदन पत्रों का तीन दिवस में निराकरण कराएं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रीवा तथा जवा आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। इंजीनियरिंग कालेज रीवा में मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के 114 आवेदन दर्ज किए गए हैं। इनमें से 103 में छात्रवृत्ति का भुगतान कर दिया गया है शेष आवेदनों का भी दो दिवस में निराकरण करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शेष बचे पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम में शिविर लगाएं। आशा कार्यकर्ता को शेष लोगों की सूची देकर 31 मई तक सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं। स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल के अनुसार 49586 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन हुआ है। इनमें से केवल 32244 महिलाओं का प्रसव शासकीय अस्पतालों



में हुआ है। निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में होने वाले प्रसव की भी जानकारी पोर्टल में दर्ज कराएं।

इस संबंध में लापरवाही बरतने वाले निजी अस्पतालों पर कार्यवाही करें। शिशुओं के टीकाकरण में उपलब्धि लक्ष्य से 107 प्रतिशत है। लेकिन सिरमौर, त्योंथर और रायपुर कर्चुलियान में उपलब्धि 93 प्रतिशत है। इन विकासखण्डों के बीएमओ टीकाकरण का अभियान चलाकर छूटे हुए बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीएम मानिट के बिन्दुओं में श्रम विभाग में पंजीकृत महिला श्रमिकों की प्रसूति सहायता की मानीटरिंग शामिल है। जिला श्रम पदाधिकारी प्रसूति सहायता प्राप्त महिला श्रमिकों की विकासखण्डवार जानकारी तीन दिवस में प्रस्तुत करें। सभी पात्र महिलाओं को प्रसूति सहायता का लाभ देना सुनिश्चित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास शिशुओं के वजन तथा लंबाई की माप के शत-प्रतिशत आंकड़े पोर्टल में दर्ज कराएं। गर्भवती महिलाओं को टीएचआर का वितरण भी संतोषजनक नहीं है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पहड़िया के पोषण आहार प्लांट से हर माह की 10 तारीख तक सभी आंगनवाड़ी केन्द्र में टीएचआर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी तथा पर्यवेक्षक सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार का नियमित वितरण सुनिश्चित कराएं। इसमें लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने परियोजना सिरमौर, रायपुर कर्चुलियान तथा जवा के परियोजना अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण सभी छात्रावासों तथा आश्रम शालाओं में शत-प्रतिशत सीटों में विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें। छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति के लंबित सभी आवेदनों का सत्यापन कराकर तीन दिवस में छात्रवृत्ति का भुगतान कराएं। उप संचालक पशुपालन पशुपालक किसानों को निर्धारित लक्ष्य अनुसार क्रेडिट कार्ड का सात दिन में वितरण कराएं। इसके लिए बैंकों के साथ संपर्क करके केसीसी के लंबित आवेदनों का निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई एकल नलजल योजना तथा समूह नलजल योजना से निर्धारित लक्ष्य अनुसार घरों मंव नल कनेक्शन कराएं। सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड के बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें। इसमें लापरवाही बरतने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा संबंधित विभागों के जिला और खण्ड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाल गृह के बच्चों के देखरेख में सहयोग की अपील

**रीवा,कासं.।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रीवा जिले में बाल संप्रेक्षण गृह और हरि बालगृह का संचालन किया जा रहा है। किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत इनमें अपचारी और निराश्रित बच्चों की देखभाल की जाती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बाल संप्रेक्षण गृह और बाल गृह में रह रहे बच्चों की देखभाल और उनके जीवन को नई दिशा देने में सहयोग की अपील की है। श्रीमती पाण्डेय ने कहा है कि इन संस्थाओं में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, अधिकारी तथा कोई भी व्यक्ति सहयोग कर सकता है। यह सहयोग आर्थिक रूप में हो सकता है। इसके साथ-साथ इन बच्चों के साथ नियमित मुलाकात करके उनके साथ समय बिताना, खेलना, नैतिक शिक्षा देना, पढ़ाना, कम्प्यूटर का ज्ञान कराना, कला और संस्कृति की शिक्षा देना तथा कौशल विकास के लिए मार्गदर्शन के रूप में भी सहयोग दिया जा सकता है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रीवा,कासं.।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की रीवा इकाई के अंतर्गत न्यू रामनगर और मनगवां में जल संरक्षण पर केंद्रित जन संवाद का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य समुदाय को जल संरक्षण के महत्व और शुद्ध पेयजल की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था। पृथ्वी दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य हमारे ग्रह और इसके प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना है। जल, इन संसाधनों में सबसे महत्वपूर्ण और अनमोल तत्वों में से एक है जिसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसी को ध्यान में रखते हुए,कार्यक्रमों के



माध्यम से जल के संरक्षण की आवश्यकता और इसके विवेकपूर्ण उपयोग पर विशेष बल दिया गया। इस आयोजन में फील्ड इंजीनियर राजेंद्र यादव एवं ईएचएस पर्यवेक्षक विवेक कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाईए जबकि संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वय सीडीओ शैलेश तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों से पानी का दुरूपयोग न करने की अपील की गई। आमजनों को वर्षा जल संचयन तथा जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षित रह सके।

# बाल विवाह होने पर दो साल की सजा और एक लाख रुपए का होगा जुर्माना : कलेक्टर

**रीवा,कासं.।** बाल विवाह सामाजिक कुरीति के साथ कानूनी रूप से अपराध है। विवाह के लिए कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है। इस निर्धारित आयु से कम आयु के कन्या तथा वर का विवाह कानूनन अपराध है। इस तरह का बाल विवाह करने वाले और उसे संपन्न कराने वाले को दो वर्ष तक की सजा तथा एक लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सभी माता-पिता अपने बेटे और बेटी का विवाह उचित आयु में करें। कम आयु में बेटी शारीरिक और मानसिक रूप से विवाह के योग्य नहीं होती है। बाल विवाह गंभीर सामाजिक कुरीति है। इसे रोकने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। इसके तहत बाल विवाह से पीड़ितों को सुरक्षा और राहत प्रदान करने के साथ-साथ बाल विवाह को प्रोत्साहित करने एवं उसे संपन्न कराने वालों पर कठोर दण्ड का प्रावधान है। जिसमें दो वर्ष की जेल तथा एक लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।



कलेक्टर ने आमजनता से अपील करते हुए कहा है कि आपके आसपास यदि बाल विवाह हो रहा है तो बिना समय गंवाए पास के पुलिस थाने, पुलिस अधिकारी अथवा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को सूचना दें। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर भी इसकी सूचना दी जा सकती है। सूचना मिलने पर तत्परता से वैधानिक कार्यवाही करते हुए बाल विवाह को रोका जाएगा।

कलेक्टर ने कहा है कि समाज में अब बाल विवाह की घटनाएं लगभग न के बराबर होती हैं। लेकिन यदि कहीं पर भी बाल विवाह संपन्न कराने का प्रयास किया जा रहा है तो आमजन तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग अथवा पुलिस थाने को इसकी सूचना दें। विवाह संपन्न कराने वाले धर्मगुरू तथा विवाह से संबंधित व्यवस्थाओं जैसे बारातघर, हलवाई, विवाह घर संचालक, बैण्डबाजे वाले आदि बाल विवाह होने पर तत्काल सूचना दें। बाल विवाह को रोकने के लिए जिले भर में एसडीएम की अध्यक्षता में उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसका प्रभारी सहायक संचालक आशीष द्विवेदी को बनाया गया है। उनका मोबाइल नम्बर 9755270639 है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा बाल विवाह निषेध अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय को मोबाइल नम्बर 9425470883 पर भी बाल विवाह के संबंध में सूचना दी जा सकती है।

# घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें - डॉ. शुक्ला

**रीवा,कासं.।** जिले में पिछले एक सप्ताह से वातावरण में लगातार परिवर्तन हो रहा है। जिले का अधिकतम तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। प्रातः 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है।



## संक्षिप्त समाचार

### हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, आईटी स्टॉक चमके

**मुंबई ,ए.।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में आईटी और ऑटो सेक्टर में खरीदारी दर्ज की गई। सुबह करीब 9.32 बजे, सेंसेक्स 536.4 अंक या 0.67 प्रतिशत बढ़कर 80,132.01 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 150.10 अंक या 0.62 प्रतिशत बढ़कर 24,317.35 पर था। निफ्टी बैंक 187.10 अंक या 0.34 प्रतिशत बढ़कर 55,834.30 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 359.70 अंक या 0.66 प्रतिशत बढ़कर 54,756.85 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 109.55 अंक या 0.71 प्रतिशत चढ़कर 17,013.20 पर था। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, फेडरल रिजर्व की नीतियों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रभाव को लेकर अटकलों के बावजूद, निफ्टी का तकनीकी दृष्टिकोण 24,051 पर अपने 200-डीएमए से ऊपर मजबूत बना हुआ है। मेहता इक्विटीज के सीनियर वीपी (रिसर्च) प्रशांत तापसे ने कहा, निफ्टी का अगला लक्ष्य 24,858 स्तर है, जिसके लिए 24,000 लेवल तत्काल समर्थन है और इसका 100-डीएमए 23,397 स्तर पर है। पॉजिटिव कैटेलिस्ट में अमेरिका-चीन व्यापार तनाव के बीच भारत के संभावित लाभ शामिल हैं। इस बीच, सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, इंडसइंड बैंक, टीसीएस और टाटा मोटर्स टॉप गेनर्स थे। जबकि, केवल कोटक महिंद्रा बैंक और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स थे। अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में डाउ जोंस 2.66 प्रतिशत बढ़कर 39,186.98 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 2.51 प्रतिशत बढ़कर 5,287.76 पर और नैस्डैक 2.71 प्रतिशत बढ़कर 16,300.42 पर बंद हुआ।

### आरबीआई ने बैंकों के लिए नई एलसीआर गाइडलाइंस की जारी, आपके लिए जानना जरूरी

**मुंबई ,ए.।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नई लिक्विडिटी कवरेज रेशियो (एलसीआर) गाइडलाइंस जारी की हैं, जिसके तहत बैंकों को 1 अप्रैल, 2026 से इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग-इनेबल्ड रिटेल और स्मॉल बिजनेस कस्टमर डिपॉजिट पर 2.5 प्रतिशत का अतिरिक्त रन-ऑफ रेट आवंटित करना होगा। बैंकों को लिक्विडिटी एडजस्टमेंट फैसिलिटी (एलएएफ) और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) के तहत मार्जिन आवश्यकताओं के अनुरूप सरकारी प्रतिभूतियों (स्तर 1 एचक्यूएलए) के बाजार मूल्य को भी एडजस्ट करना होगा। इसके अलावा, नई गाइडलाइंस में अन्य कानूनी संस्थाओं से होलसेल फंडिंग की संरचना को भी तर्कसंगत बनाया गया है। नतीजतन, ट्रस्ट (शैक्षणिक, धर्मार्थ और धार्मिक), पार्टनरशिप, एलएलपी आदि जैसी गैर-वित्तीय संस्थाओं से फंडिंग पर वर्तमान में 100 प्रतिशत की तुलना में 40 प्रतिशत की कम रन-ऑफ रेट लागू होगी। आरबीआई ने बयान में कहा, संशोधित गाइडलाइंस 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगी। इससे बैंकों को एलसीआर कैलकुलेशन के लिए अपने सिस्टम को नए मानकों में परिवर्तित करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। रिजर्व बैंक ने 31 दिसंबर, 2024 तक बैंकों द्वारा दिए गए आंकड़ों के आधार पर उपरोक्त उपायों का प्रभावी विश्लेषण किया है। यह अनुमान लगाया गया है कि इन उपायों के प्रभाव से उस तिथि तक बैंकों के एलसीआर में समग्र स्तर पर लगभग 6 प्रतिशत अंकों का सुधार होगा। इसके अलावा, सभी बैंक न्यूनतम एलसीआर आवश्यकताओं को आराम से पूरा करना जारी रखेंगे। आरबीआई के एक बयान के अनुसार, उम्मीद है कि ये उपाय भारत में बैंकों की तरलता बढ़ाएंगे। आरबीआई के बयान में कहा गया है कि बैंकों की ओर से दिए गए फीडबैक की सावधानीपूर्वक जांच करने के बाद अंतिम एलसीआर गाइडलाइंस जारी की गई हैं। लिक्विडिटी कवरेज अनुपात बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति द्वारा विकसित एक रेगुलेटरी स्टैंडर्ड है। इसके लिए बैंकों को उच्च गुणवत्ता वाली लिक्विड संपत्तियों का एक बफर रखने की आवश्यकता होती है, जो 30 दिन के तनाव परिदृश्य में शुद्ध कैश आउटफ्लो को कवर कर सके।

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ को 8 विकेट से हराया, राहुल-पोरेल ने जड़े अर्धशतक

**लखनऊ,एजेंसी।** केएल राहुल नाबद 57 रन और अभीषेक पोरेल के 51 रनों की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 8 विकेट से मात दे दी है. इस जीत के साथ दिल्ली के 12 प्वॉइंट्स हो गए हैं और वो अंक तालिका में दूसरे नंबर पर ही बने हुए हैं. जबकि लखनऊ 10 अंक के साथ 5वें स्थान पर ही है।




160 रनों के लक्ष्य का पीछा करना डीसी के लिए आसान काम साबित हुआ क्योंकि उनके सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल और करुण नायर ने टीम को अच्छी शुरुआत दी और 3.4 ओवर में 36/1 रन बनाए. नायर को एडेन मार्करम ने 15 रन पर आउट कर दिया, लेकिन पोरेल (36 गेंद में 51 रन) ने केएल राहुल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 69 रन जोड़े. पोरेल पचास रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन अक्षर पटेल (20 गेंद 34 रन) ने राहुल (42 गेंद 57 रन) के साथ पारी को आगे बढ़ाया और टीम को जीत दिलाकर दम लिया. एडेन मार्करम एलएसजी के लिए एकमात्र विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

इससे पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए थे।

लखनऊ की ओर से एडन मार्करम ने 33 गेंदों में दो चौके और तीन छक्कों के दम पर 52 रनों की पारी खेली. उनके अलावा मिचेल मार्श ने 36 गेंदों में 45 रनों की पारी खेली. आयुष बडोनी ने 36 रनों की पारी खेली. दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने 4 ओवर में 33 रन देते हुए 4 विकेट झटके. केएल राहुल आईपीएल में सबसे कम इनिंग (130 पारी) में 5000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए. इससे पहले ये रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम था, जिन्होंनें 135 पारी में ये उप्लब्धि हासिल की थी. लखनऊ सुपर जाइंट्स प्लेइंग इलेवनः एडेन मार्कराम, मिशेल मार्श, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), अब्दुल समद, डेविड मिलर, शार्दुल ठाकुर, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, अवेश खान, प्रिंस यादव दिल्ली कैपिटल्स प्लेइंग इलेवनः अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव, दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार

## बेंगलुरु एफसी और इंटर काशी मैच से पहले खिलाड़ियों ने जताया दुख, काली पट्टी बांधकर उतरे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए बेंगलुरु एफसी और इंटर काशी के खिलाड़ियों ने बुधवार को अपने सुपर कप मैच से पहले एक मिनट का मौन रखा और बांह पर काली पट्टी बांधकर उतरे। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई है जिसमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

**काली पट्टी बांधकर उतरे खिलाड़ी, रखा मौन**

दोनों टीम के घरेलू और विदेशी खिलाड़ी आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। मैच शुरू होने से ठीक पहले खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों और कलिंगा स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने दिवंगत आत्माओं की याद में एक मिनट का मौन रखा। इससे पहले बेंगलुरु एफसी ने आतंकी हमले के पीड़ितों और घायलों के साथ एकजुटता व्यक्त की।

आईएसएल 2018-19 चैंपियन क्लब बेंगलुरु एफसी ने एक्स पर कहा, बेंगलुरु एफसी पीड़ितों, उनके परिवारों और पहलगाम हमले में प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। आज के कलिंगा सुपर कप मैच से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा जहां टीम के खिलाड़ी सम्मान के तौर पर बांह पर काली पट्टी बांधेंगे।

**सुनील छेत्री ने भी आतंकी हमले की निंदा की**

बेंगलुरु एफसी और भारत के कप्तान सुनील छेत्री ने आतंकवादियों के कायराना हमले की निंदा की।

# भारत में औद्योगिक और वेयरहाउसिंग की मांग 2025 की पहली तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़ी

**बेंगलुरु ,एजेंसी।** भारत के टॉप आठ शहरों में 2025 की पहली तिमाही में औद्योगिक और वेयरहाउसिंग की मांग 9 मिलियन वर्ग फीट पर मजबूत बनी रही, जिसमें सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। दिल्ली-एनसीआर और चेन्नई ने मांग में बढ़त हासिल की, जो मिलाकर पहली तिमाही में कुल लीजिंग का लगभग 57 प्रतिशत था।

कोलियर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में ग्रेड ए औद्योगिक और वेयरहाउसिंग स्पेस की मांग में शानदार वृद्धि दर्ज की गई।

टॉप आठ शहरों में, इंजीनियरिंग क्षेत्र ने इस तिमाही में मांग को आगे बढ़ाया, जिसने कुल औद्योगिक और वेयरहाउसिंग स्पेस में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान दिया, इसके बाद ई-कॉमर्स ने 21 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

इन दोनों क्षेत्रों ने हमेशा सबसे आगे रहने वाले 'थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल)' प्लेयर्स की मांग को भी पीछे छोड़ दिया।

रिपोर्ट में बताया गया है कि चेन्नई और बेंगलुरु में इंजीनियरिंग क्षेत्र में रहने वालों की ओर से मजबूत रुझान देखा गया, जबकि दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में ई-कॉमर्स कंपनियों की ओर से मांग दर्ज की गई।

कोलियर्स इंडिया के औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स सेवाओं के प्रबंध निदेशक विजय गणेश ने कहा, ऑटोमोबाइल कंपनियों ने भी 1.3 मिलियन वर्ग फीट में ग्रेड ए औद्योगिक और वेयरहाउसिंग स्पेस खरीदा है। ये समग्र विकास के स्वस्थ संकेत हैं, जो बड़े स्तर पर मांग को दर्शाते हैं।

तिमाही के दौरान इंजीनियरिंग और ई-कॉमर्स कंपनियों ने लीजिंग के बड़े हिस्से में अपना योगदान दिया, जो कुल मांग का लगभग 46 प्रतिशत था।

2025 की पहली तिमाही में लगभग 2.2 मिलियन वर्ग फीट लीजिंग के साथ, इंजीनियरिंग फर्मों ने ग्रेड ए औद्योगिक और वेयरहाउसिंग मांग का लगभग एक-चौथाई हिस्सा लिया।

चेन्नई और बेंगलुरु में मजबूत मांग के कारण इस क्षेत्र में वार्षिक आधार पर लीजिंग एक्टिविटी में 2 गुना से अधिक वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कॉमर्स में भी करीब 2 मिलियन वर्ग फीट लीजिंग देखी गई, जिसमें दिल्ली-एनसीआर और मुंबई का सबसे बड़ा योगदान रहा।

2025 की पहली तिमाही के दौरान 2,00,000 वर्ग फीट से ऊपर के बड़े सौदे 4.3 मिलियन वर्ग फीट की मांग के साथ 48 प्रतिशत के बराबर थे।

ये बड़े सौदे ई-कॉमर्स कंपनियों से जुड़े थे। इसके बाद इंजीनियरिंग और ऑटोमोबाइल फर्मों का स्थान रहा।

2025 की पहली तिमाही में 9.4 मिलियन वर्ग फीट की नई सप्लाई दर्ज की गई, जो सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तिमाही के दौरान नई सप्लाई मजबूत लीजिंग एक्टिविटी को देखते हुए थी, जो औद्योगिक और वेयरहाउसिंग बाजार में डेवलपर के बेहतर आत्मविश्वास को दर्शाता है।

# ननौरा समिति के सचिव ने शासनादेश को तांक पर रख की पुत्र की नियुक्ति

## विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यवाही न करने का कारण क्या ?

**ननौरा (ललितपुर)**- प्रगति के बज रहे नगाढे, लूट का भूत सवार। समिति में सचिव के पद पर कार्यरत रहे रामजीवन बिलगैया ने शासनादेशो को तांक पर रख अधिकारियों की मिलीभगत से की अपने ही समय में कार्यरत पुत्र की नियुक्ति। शासनादेश की विभाग में रहकर उडायी धज्जियां। विभागीय अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही न करने का आखिर कारण क्या समझा जाये। मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ है कि मुख्यालय से करीब 30 किमी0 दूरी पर स्थित बहुउददेशीय प्राथमिकी ग्रामीण सहकारी समिति लिमि0 ननौरा. सिरसी में लंबे समय से सचिव के पद पर तैनात रहे रामजीवन बिलगैंया जो कि दोंनो ही समितियों में सचिव का कार्य देख रहे थे जहां पर कि पूर्व में विष्णु पटैरिया नामक व्यक्ति बहुउददेशीय प्राथमिकी ग्रामीण सहकारी समिति लिमि0 ननौरा में आंकिक के पद पर कार्यरत था उस आदेश को गंभीरतापूर्वक ग्रहण न करते हुये अवैधानिक तरीके से अपने पुत्र भरतकान्त बिलगैंया की 2017 में अधिकारियों से सांठगांठ कर अपने पुत्र को जहां आंकिक बनवाया तो वहीं दिनांक 31.03.2025 को सेवानिवृत्त होने के पूर्व अपने सचिव को अधिकारियों से सांठगांठ कर यानि सुविधा शुल्क लेकर पुत्र को प्रभारी सचिव के पद पर तैनात कर दिया गया यानि पद पर रहते हुये आपने तो मलाई छानी ही। सेवानिवृत्त होने के बाद पुत्र को भी मलाई छानने को समिति में सचिव बना डाला।

यह जानते हुये भी समिति में किसी प्रकार की कोई जगह खाली नहीं है जबकि वर्तमान में पुत्र भरतकान्त बिलगैंया ब्लॉक जखौरा में बी0डी0सी0 मैम्बर के पद पर कार्यरत है फिर भी उसे समिति का सचिव बना दिया गया विभागीय अधिकारियों से गोपनीय जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि जिस समिति में पिता सचिव को वह अपने परिवारजनों को या रिश्तेदारों को किसी भी तरह नियुक्त नहीं कर सकता है यही आदेश समिति के संचालक मंडल पर भी लागू होताहै फिर भी विभाग में करीब 25 साल से अधिक सेवा करने के बाद भी सब जानकारी होने के बाद भी अपने पुत्र की अवैधानिक तरीके से नियुक्ति की। यहां तक कि पुत्र की नियुक्ति के बाद वेतन निकालने का भरसक प्रयत्न किया गया लेकिन अपने मकसद में कामयाब न हो सके क्योंकि बैक कर्मचारियों को जानकारी थी कि पुत्र की नियुक्ति पूर्णतः गलत व अवैधानिक है इस कारण उनका वेतन एक माह का भी नहीं निकाला जा सका। इससे यह स्पष्ट होता है कि सारे कानून को ताक पर रखकर अपने पुत्र की नियुक्ति की गयी जो पूर्णतः शासनादेश एवं विभागीय आदेशों के विपरीत है।

वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्यूरो चीफ दैनिक सांध्य पहल पं0 महेश प्रसाद शर्मा के द्वारा निबन्धक सहकारी समितियां आदि को भेजे पत्र में जनपद में हो रहे अवैधानिक नियुक्तियां एवं भ्रष्टाचार की जांच कराने हेतु मांग की है उन्होने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी पत्र भेजकर जनपद में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने तथा शासनादेशों के साथ की जा रहे खिलवाड को रोकने की मांग की देखना है कि विभागीय अधिकारी इस ओर क्या कारगर कदम उठाते है यह तो आने वाला समय ही बतलायेगा कि कौन करोंटा बैठे ऊंट।

जनपद में सहकारी समितियों में सचिवों द्वारा मनमानी एवं विभागीय अधिकारियों के द्वारा शासनादेशों के विपरीत सुविधा शुल्क अवैधानिक तरीके से की गयी नियुक्तियों की यदि जांच की जाये तो वास्तविकता उजागर हो सकती है जहां कि सेवानिवृत्त होने के पूर्व अनेक सचिवों द्वारा अपने रिश्तेदारों एवं परिवारजनों की नियुक्ति की गयी है।

# नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलम्बन एवं बाल कल्याण व संरक्षण के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें अधिकारी : डीएम

### जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मिशन वात्सल्य की बैठक में महिला एवं बाल कल्याण सम्बंधी योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा




**ललितपुर।** केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं व बालकों के समग्र विकास के लिए चलायी जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं को ललितपुर में प्रभावी क्रियान्वय कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मिशन वात्सल्य की बैठक में सम्बंधित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों को कड़े निर्देश दिये कि वह जनपद में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलम्बन एवं बाल कल्याण व संरक्षण पर पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए सरकारी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करायें। उन्होंने मुख्यमंत्री सुमंगला योजना पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना से प्रदेश व जनपद में समान लिंग अनुपात स्थापित करने, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ़ करने, बालिकाओं के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा बेटी के जन्म के प्रति आमजन में सकारात्मक सोच विकसित करना है। इसलिए इस योजना की पात्रता के अनुसार शत-प्रतिशत नामांकन कराकर लाभ देना है। इसके लिए उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि वह बेटी के जन्म के साथ आंगनबाड़ी, आशा एवं एएनएम के द्वारा माता-पिता को जागरुक कर ऑनलाइन आवेदन करायें, उन्होंने बीएसए को निर्देशित किया कि वह कक्षा-1 में बेटी क प्रवेश के साथ ही बेटी के माता-पिता को विद्यालय बुलाकर उनका आवेदन कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार उन्होंने पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि वह ऐसी मृत्यु के प्रमाण पत्र जारी होने की संख्या के सापेक्ष आवेदन करायें ओर उन्हें पेंशन का लाभ दें। बैठक के दौरान उन्होंन जनपद में बाल विवाह रोकने पर जोर देते हुए तहसील मड़ावरा व महरौनी सहित सभी दूरस्त ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधान, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कोटेदार, पंचायत अधिकारी आदि क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कर उन्हें बाल विवाह रोकने की जिम्मेदारी दी जाए। उन्होंने जनपद में नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए नशा पर अंकुश लगाने के लिए जनजागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एक-एक कर गांव को सभी प्रकार के नशों से मुक्त कराया जाए।

बैठक के दौरान बालिका सौम्या सिंह को स्पोर्ट्स प्रैक्टिस किट प्रदान की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज अहमद, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी डीपी अग्रहरि, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला पर्यटक अधिकारी हेमलता, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष राजकुमार जैन, सीडब्ल्यूसी सदस्य रविनारायण चौबे, बासुदेव, अर्चना सक्सेना, प्रताप नारायण गोस्वामी सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाहित पुत्री का गांव के लोगों पर अपहरण का आरोप

**ललितपुर।** थाना नाराहट के ग्राम गौना निवासी पूरन सिंह पुत्र रामचरन निरंजन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसने अपनी पुत्री संध्या की शादी म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत कस्बा बीना निवासी ऋषि निरंजन पुत्र रघुराज के साथ की थी। शादी के बाद उसका दामाद पुत्री को दवाई कराने के लिए अस्पताल गया था। उसकी पुत्री को अस्पताल में बैठाकर दामाद पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लग गया और पर्चा बनवाकर वापस लौटा तो संध्या मौके पर नहीं मिली। दामाद ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। काफी खोजबीन के बावजूद भी संध्या का पता नहीं चला। इसकी शिकायत उसने सागर के मोतीनगर थाने में दर्ज करायी। पुलिस के तलाश करने पर दामाद की फोन कॉल्स डिटेल निकलवायी गयी तो जानकारी हुयी कि गौना का एक युवक उसकी पुत्री संध्या को भगा कर ले गया है। जब उक्त व्यक्ति के नम्बर पर सम्पर्क किया तो उक्त युवक ने बताया कि उसने संध्या का अपहरण कर लिया है। इस प्रकरण में उक्त व्यक्ति के बहनोई, पिता व माता भी शामिल हैं। पीड़ित ने पुत्री को बरामद किये जाने की मांग उठाते हुये बताया कि 21 अप्रैल को गांव के कुछ लोग उसके घर आये और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### पुलिस पर गंभीर आरोप

**ललितपुर।** जिले के राजघाट रानीपुरा गांव में पुलिस पर एक आदिवासी परिवार के साथ मारपीट और मानवाधिकार हनन के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामवासी कपूरी बाई पत्नी स्व.राजाराम आदिवासी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को लिखे शिकायती पत्र में बताया कि पुलिस ने उनके परिवार के सदस्यों को जबरन उठाकर मारपीट की और क्षेत्र में हुई चोरियों को कबूल करने का दबाव बनाया। कपूरी बाई के अनुसार, दो-तीन दिन पहले पुलिस ने उनके घर पर दबिश दी और उनके परिजनों मंगल, बादल और दशरथ को जबरन अपने साथ ले गई। इस दौरान पुलिस ने महिलाओं और बच्चों के साथ भी बेरहमी से मारपीट की। कपूरी बाई ने गंभीर आरोप लगाते हुये बताया कि उनकी पुत्री सुनीता और चंचल के हाथों पर जूतों से रगड़ा गया, जबकि उनके नाती की पीठ पर लात मारी गई। पुलिस ने धमकी दी कि यदि चोरी कबूल नहीं की तो परिवार का एनकाउंटर कर दिया जाएगा। आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाला यह परिवार मेहनत-मजदूरी कर गुजर-बसर करता है। कपूरी बाई ने पुलिस की इस कार्रवाई को अमानवीय बताते हुए कहा कि वे और उनके परिजन भयभीत हैं। उन्होंने अपने परिजनों की जान-माल की सुरक्षा और तत्काल रिहाई की मांग की है। इस मामले ने स्थानीय स्तर पर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। कपूरी बाई ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है, ताकि उनके परिवार को इंसाफ मिले और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### बाइक की टक्कर से व्यक्ति घायल

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम रजावन निवासी विनीता पत्नी मनोज सहरिया ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका पति बीती 17 मार्च को अपराह्न करीब 12 बजे अपने गांव रजावन से ग्राम कालापहाड़ के लिए बस से जा रहा था। उसके पति के साथ गांव के दिब्बू उर्फ देवेन्द्र पुत्र बालू सहरिया, मनी पुत्र लखन सहरिया साथ थे। उसका पति जैसे ही ललितपुर-राजघाट रोड से काला पहाड़ बस स्टेण्ड पर उतरा और कुछ दूरी पैदल चलने पर पीछे से तेज गति से आ रही टीवीएस मोटर साइकिल संख्या एम.पी. 33 एम.बी. 5521 जिसका वाहन स्वामी म.प्र. के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना नरवर के ग्राम नरही निवासी वीरेन्द्र सिंह राठौर पुत्र रनवीर सिंह है ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका एक पैर टूट गया। इस घटना को देवेन्द्र सहरिया व मनी ने देखा और उसके पति को सरकारी एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया, जहां पांच दिन भर्ती रहा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### बस की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** महरौनी के मोहल्ला लुहरयाना में रहने वाले महेन्द्र झा पुत्र बालकिशन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि मंगलवार की देर रात करीब 10.15 बजे उसका भाई रूपेन्द्र पुत्र बालकिशन अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 आर 7962 पर सवार होकर ग्राम किसरदा से महरौनी आ रहा था। तभी मुक्तिधाम के सामने महरौनी की ओर से आ ही बस संख्या एम.पी. 36 पी 5577 के चालक ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### युवक पर पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** कस्बा पाली अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 21 अप्रैल को शाम करीब साढ़े पांच बजे उसकी पुत्री शौचक्रिया के लिए घर के पीछे नाले के पास गयी हुयी थी। तभी ग्राम खाईखेरा निवासी अमित अहिरवार पुत्र बालचंद्र उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकरअपनी मोटर साइकिल पर बैठाकर भगा ले गया। पीड़ित ने बताया कि यह घटनाक्रम उसकी मां व पत्नी ने देखा और उसे जानकारी दी। पीड़ित ने बताया कि उसने पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला।

# भू-माफियाओं से परेशान हुये व्यापारी पहुंचे डीएम के पास

## शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर लगाये गंभीर आरोप



**ललितपुर।** नगर क्षेत्र के तालाबपुरा में भूमि सं. 3147 मि.रकवा 2.82 एकड़ अंदर हद नगर पालिका क्षेत्र में संगठित गिरोह के दबंग लोग जबरन उक्त भूमि पर कब्जा किये है, जिसमें 30-35 प्लाट सम्मिलित बताये है। उक्त समस्या में घिरे तालाबपुरा निवासी वयोवृद्ध विनोद जैन उमरिया और उनके सहयोगी रिश्तेदार अशोक अनौरा आदि ने बताया कि उक्त जमीन उनके पुश्तैनी विरासत है जिसको वर्तमान में निर्माण करने का मन है लेकिन उक्त दबंग लोगों ने जो कब्जा किया है उससे भू स्वामी परेशान हैं। भू-स्वामी ने बताया कि उक्त दबंग लोग जो संगठित गिरोह बनाये उसमें मास्टर माइंड तालाबपुरा का रहने वालाहै। और उसके दबंग सहयोगी जो अपराधिक किस्म की सोच रखते हैं,जिनका एक ही काम है कि दबंगता के बल पर कब्जा की गयी जमीन को फर्जी स्टांप द्वारा मनमाने दामों में बेच रहे हैं जिससे भूस्वामी की करोड़ों रूपये कीमत जमीन खुर्द बुर्द हो रही है। उक्त समस्या से जूझते जूझते सात बर्ष हो गये जिसको लेकर ललितपुर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से मुलाकात कर उक्त समस्या अवगत कराकर शीघ्र निस्तारण की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रसाशन के समक्ष अधिकारी की उपस्थिती में उक्त भू खण्ड की पैमाइश कराई जाये जिससे समय रहते समस्या का निराकरण हो सके तथा आगामी समय में उक्त दबंग संगठित अनेक लोग कब्जाई जमीन को पाने की लालच में कोई अनहोनी घटनाक्रम न कर दे। ज्ञापन देते समय बुंदेलखण्ड़ गल्ला व्यापारी मंडल के अध्यक्ष अशोक जैन अनौरा, उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कड़की एवं भूमि स्वामी विनोद जैन उमरिया, अशोक जैन उमरिया आदि रहे।

# शादी समारोह से लौटते समय नदी में गिरने से युवक की मौत

**ललितपुर।** जखौरा क्षेत्र में एक दुखद घटना घटी सामने आयी है। जिसमें शादी समारोह से लौटकर अपने घर जा रहे एक युवक की नदी में गिरकर मौत हो गई। घटना खैर नदी में हुई, जहां युवक की बाइक असंतुलित होकर नदी में गिर गई। मृतक की पहचान नंदलाल उम्र 47 पुत्र परशादी अहिरवार निवासी ग्राम नंदनवार के रूप में हुई है। नंदलाल को राहगीर ने उठाकर जखौरा सीएससी में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और मामले की छानबीन की जा रही है। परिजनों को इस दुखद घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।

# नाबालिग से अश्लीलता, जातिसूचक शब्दों से किया अपमानित

**ललितपुर।** आरएमव्ही कॉलेज के पास रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 21 अप्रैल को उसकी नाबालिग पुत्री अपने विद्यालय में फीस भरने गयी थी, जहां पहुंचकर उसे पता चला कि विद्यालय की छुट्टी है। इसके बाद वह अपने घर वापस लौट रही थी।

तभी समय करीब 11.30 बजे यवह अपने घर के पास पहुंची ही थी कि तभी पड़ौस में रहने वाले कल्लू उर्फ मौसिम खान पुत्र पप्पू ने उसकी पुत्री का जबरन हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करते हुये अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगा। पुत्री के मना करने पर कल्लू उर्फ मौसिम ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और गन्दी हरकतें करते हुये चाकू दिखाकर उसके साथ अश्लीलता करते हुये मारपीट कर दी।

शोरगुल करने पर उसकी मां व एक अन्य महिला मौके पर पहुंची, जिन्होंने घटना को देखा और बीच-बचाव किया। आरोप है कि उक्त कल्लू उर्फ मौसिम खान ने शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी बताया कि मौसिम आपराधिक व गुण्डा किस्म का व्यक्ति है और कई मामले न्यायालय में विचाराधीन भी हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कल्लू उर्फ मौसिम खान पुत्र पप्पू के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 115 (2), 352, 351 (3), एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (1)(डब्ल्यु)(आई), 3 (2)(व्ही.ए.) और पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# सुशासन तिहार का असरः आवेदनों पर कार्रवाई शुरू

## मजदूर कार्ड पाकर खुशी से खिला श्रीमती काव्या बाघ का चेहरा

## मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति जताया आभार, कहा- कार्ड पाकर अच्छा लगा



**रायपुर,कासं।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजनों की समस्या का त्वरित समाधान करना है। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को यह निर्देशित किया है कि वे सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में आम नागरिकों से उनकी समस्याएं एवं मांगें ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यमों से आमंत्रित की गईं। दूसरे चरण में इन आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है, जिससे आमजन को शासन की सेवाओं का त्वरित लाभ मिल सके। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 57, भगवती चरण शुक्ल वार्ड की निवासी श्रीमती काव्या बाघ को सुशासन तिहार के अंतर्गत श्रमिक पंजीयन कार्ड (मजदूर कार्ड) प्रदान किया गया। लंबे समय से मजदूर कार्ड बनवाने में आ रही कठिनाइयों के समाधान के लिए उन्होंने अपना आवेदन समाधान पेटी में डाला था। आवेदन मिलते ही जिला श्रम विभाग ने उनसे संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने कहा। दस्तावेजों के परीक्षण के उपरांत उन्हें मजदूर कार्ड जारी किया गया। कार्ड प्राप्त कर श्रीमती बाघ ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा, जिनसे वे अब तक वंचित थीं। साथ ही श्रम विभाग द्वारा उन्हें योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।

# पहलगाम आतंकी हमले का पूरा देश लेगा बदला : सीएम साय



**रायपुर,कासं।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंबई दौरे पर रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं का देश बदला लेगा. इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से पहलगाम गए पर्यटकों के बारे में मुख्य सचिव, कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से जानकारी ली. साथ ही आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया के परिवार की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए.उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के दौरे के बीच से वापस लौट गए हैं. उन्होंने लौटते ही एयरपोर्ट पर बैठक ली, इससे घटना को लेकर उनकी गंभीरता समझ आती है.सीएम साय ने सभी मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमले में रायपुर के दिनेश मिरानिया का भी दुखद निधन हुआ है। स्थानीय प्रशासन परिवार के संपर्क में है। शासन-प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुबह मुंबई के लिए रवाना हुए, जहां वे बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रमों में शिकरत करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर बताया कि मुंबई का दो दिवसीय दौरा है, आज टेक्सटाइल पर स्ह्न कार्यक्रम है. वे अंतर्राष्ट्रीय स्टील कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इस दौरान उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा।


कार्यालय नगर पंचायत कुरावली जनपद मैनपुरी।

पत्रांकः 125/न0पं0कुरा0/रा0वि0आ0/नि.सू./2025–26 दिनांकः21.04.2025

–: निविदा सूचना :–

नगर पंचायत कुरावली जनपद मैनपुरी द्वारा वित्तीय वर्ष–2025–26 में गौवंश भरण–पोषण योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि की प्रत्याशा में नगर पंचायत कुरावली की कुरहट स्थित गौशाला के लिए भूसा की आपूर्ति हेतु दिनांक 05.05.2025 को निविदा आमंत्रित की जाती है। सभी निविदाएँ 06.05.2025 को सायं 4 बजे उपस्थित ठेकेदार फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरावली के द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 05.05.2025 को ही प्रातः10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत कुरावली में की जायेगी, व समय 02:30 बजे से 05:00 बजे सायं तक कार्यालय पर रखे निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। खुली व सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। (उक्त दिनांक को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।) निविदा शुल्क एवं 2% जामनत धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से खाता संख्या– 11763499656 आई0 एफ0 एस0 सी0 कोड– SBIN0002563 भारतीय स्टेट बैंक शाखा कुरावली पर जमा करनी होगीं अथवा धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी के पदनाम बन्धक एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा मान्य नही होगी। बिना कारण बताये किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत कुरावली में निहित होगा।

| क. सं. | कार्य का नाम/विवरण | अनुमानित लागत | 2% जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गौशाला हेतु भूसा की आपूर्ति कार्य (न्यूनतर्म 1000 कुन्तल) मय ढुलाई भण्डारगृह तक। (भूसा 650/– रूपये प्रति कुन्तल) | 6,50,000.00 | 13,000.00 | 700.00 | वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु आवश्यकतानुसार। |
| 2 | गौशाला हेतु चोकर की आपूर्ति कार्य (न्यूनतर्म 150 कुन्तल) मय ढुलाई भण्डारगृह तक। (चोकर 2550/– रूपये प्रति कुन्तल) | 3,37,500.00 | 6,750.00 | 400.00 | |

1– माह– अप्रैल 2025 से सितम्बर 2025 तक का भूसा/चोकर आपूर्ति का भुगतान निविदा दरों पर किया जायेगा तथा माह–अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक भूसा/चोकर आपूर्ति का भुगतान में वर्तमान बाजार दर पर किया जायेगा।
2– बिना कारण बताये निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।
3– सशर्त निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
4– निविदा के साथ 2प्रतिशत कुल 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि/एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बंधक हो, जमा करना अनिवार्य होगा।
5– निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा।
6– धरोहर राशि की FDR/NSC मूल रूप से कलर व ब्लेक एण्ड ब्हाइट प्रति कदापि मान्य नही होगी। बिड के साथ साथ ही मूल रूप से FDR/ NSC जमा करनी होगी। यदि निविदादाता द्वारा FDR/NSC नही डाली जाती है तो उसकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7– पात्र श्रेणी से अधिक श्रेणी की निविदायें देने व फर्जी छायाप्रति FDR/NSC पाये जाने पर सम्बन्धित फर्म को डिबार कर दिया जायेगा।
8– सशर्त निविदा मान्य नही होगी।
9– उक्त निविदाओं में एकल निविदा मान्य नही होगी।
10– विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत कुरावली में की जा सकती है।
11– आपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रकिया में भाग लेने की अनुमति नही होगी।
12– कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार कॉसिल में पंजीकृत है,वह निविदा प्रकिया में भाग नहीं ले सकतें।
13– निदेशालय के पत्रांक संख्या–तक.सेल/07/निदे./2019 दिनांक 28 जून, 2019 के द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य होगा।
14– सभी अभिलेख स्वप्रमाणित होने चाहिये।
15– फर्म/कम्पनी के पार्टनरों के नाम से निर्गत लगाये गये हैसियत प्रमाण पत्र मान्य नही होगे, फर्म/कंपनी के नाम को हैसियत प्रमाण पत्र ही मान्य होगें।
16– गौवंश भरण–पोषण योजना के खाते में धनराशि उपलब्ध न होने पर आपूर्ति का भुगतान टाउन फण्ड व राज्य वित्त आयोग खाते से किया जा सकेगें।
17– ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य पूरा करने में अनावश्यक विलम्ब अथवा खराब गुणवत्ता कार्य कराये जाने की दशा में ठेकेदार को नियमानुसार सक्षम स्तर कारण बताओ नोटिस जारी कर ब्लैक लिस्ट/डिबार किया जायेगा।
18– ठेका स्वीकृत होने के पश्चात सभी अभिलेखों को प्राप्त करने की कार्यवाही और औपचारिकता आदि पूरी करने की कार्यवाही यथा शीघ्र प्रत्येक दशा में यह औपचारिकतायें 15 दिनों में अवश्य पूरी हो जाना चाहिए।
19– बिलो टेण्डर पर कार्य स्वीकृत करने के साथ–साथ अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारन्टी लिये जाने के संबंध में शासनादेश सं0–622/23–12–2012/08टी.सी. दिनांक 08.06.2012 के अनुसार निर्देशों का पालन करना होगा। 10 प्रतिशत से अधिक होने पर बिलो प्रति 1(एक) प्रतिशत पर सिक्योरिटी/पर फारमेन्स गारन्टी अतिरिक्त ली जायेगी।
20– निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय उ0प्र0 के पत्र संख्या–06/01/2021 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य होगा।
21– कूट रचित/भ्रमित सूचनाऐं देने पर आपकी निरस्त करते हुए ब्लैक लिस्ट किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कुरावली,
मैनपुरी।

अध्यक्ष
नगर पंचायत कुरावली,
मैनपुरी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने के लिए जागरूक



**ग्वालियर।** स्वच्छ व स्वस्थ्य ग्वालियर के अंतर्गत शहर में म्यूज एवं डिवाइन संस्था के सहयोग से नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न मोहल्लों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों में जाकर छात्र-छात्राओं एवं आमजन को गीला सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। आईईसी के नोडल अधिकारी श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छ ग्वालियर अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था डिवाईन द्वारा इन्दरगंज स्थित प्रतीक मोबाइल के कार्यालय में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने के बार में समझाइस दी गई, इससे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे समझाया गया, कपड़े की थैलियों व अन्य बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं का उपयोग करने के बारे मे बताया गया।

साथ ही 4 बीन सेग्रिगेशन के बारे में जानकारी देकर अपने घर, गली- मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानों में सफाई रखने के लिए आग्रह किया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही म्यूज संस्था द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर नगर के विभिन्न वार्डों में निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, घर में चार डस्टबिनों की व्यवस्था करने तथा कचरा केवल निर्धारित कचरा गाड़ी में ही डालने हेतु प्रेरित किया गया।

# सभापति श्री तोमर ने सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन



**ग्वालियर।** सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने गुडी गुडा का नाका, गीता भवन के बगल वाली गली में सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन क्षेत्रवासी बुजुर्ग महिलाओं द्वारा कराया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक गण उपस्थित रहे। सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराये जा रहे हैं। गुडी गुडा क्षेत्र के निवासियों की काफी समय से रोड की मांग थी आज सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन बुजुर्ग माताओं से कराया है। भूमि पूजन के बाद सभापति श्री तोमर ने वॉर्ड 52 सावरकर कॉलोनी का निरीक्षण किया तथा क्षेत्र के निवासियों ने पानी की समस्या बताई। जिस पर सभापति श्री तोमर ने पेयजल समस्या के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल पेयजल समस्या के निराकरण कराने के निर्देश दिए।

# नेशनल लोक अदालत 10 मई को



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संगीता मदान के मार्गदर्शन में 10 मई 2025 को न्यायालय परिसर जिला मुख्यालय मुरैना एवं तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह, तहसील विधिक सेवा समिति जौरा, तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दीवानी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण से संबंधित प्रकरण, बैंको के प्रकरण, विद्युत प्रकरण एवं राजीनामा योग्य दाण्डिक लंबित प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की पारस्परिक सहमति से राजीनामा के माध्यम से किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत के लिये एडीआर भवन मुरैना में न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीष शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री बृजेन्द्र सिंह भदौरिया के द्वारा नगर पालिका निगम मुरैना के अधिकारियों के साथ बैठक ली गई। बैठक में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। साथ संबंधित अधिकारियों को नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री आशीष शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री बृजेन्द्र सिंह भदौरिया, श्री लाल सिंह डोडिया, सहायक आयुक्त नगर पालिका निगम मुरैना, सहा. राजस्व अधिकारी दर्शन डण्डौतिया, आरएसआई श्री रामहेतु मौर्य आदि सम्मिलित रहे। आमजन से अपील है कि 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा के माध्यम से अपने अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करा कर लाभ प्राप्त करें।

# ग्वालियर संविधान बचाओ रैली में हुंकार भरेंगे चंबल के कांग्रेस कार्यकर्ता




**मुरैना,कांस।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मुरैना जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गांधी बल निकेतन मैरिज होम में जिला स्तरीय कांग्रेस कमेटी की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय बैठक के मुख्य अतिथि श्री लाखन सिंह यादव पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं जिला कांग्रेस मुरैना के प्रभारी एवं शहर जिला कांग्रेस के प्रभारी श्री सिद्धार्थ कुशवाहा विधायक सतना एवं राहुल शर्मा के आतिथ्य में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मधुराज तोमर एवं दीपक शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अभी हाल ही में भोपाल में संपन्न हुई बैठक के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने विस्तार से सभी कांग्रेसियों को अवगत कराया उन्होंने कहा कि संगठन में बदलाव की प्रक्रिया जारी है और संविधान बच्चा की 28 अप्रैल को ग्वालियर में होने वाली रैली के संबंध में विस्तार से अपने विचार व्यक्त किया और उसकी आयोजन की तैयारी की जानकारी ने सभी जिले से पधारे हुए कांग्रेस जनों को दिशा निर्देश जारी कर सबको जिम्मेदारी सौंपी मुख्य अतिथि लाखन सिंह यादव ने सभी को कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराया और ग्वालियर में होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा संगठन को मजबूत बनाने एवं रैली को सफल बनाने के लिए एक-एक कार्यकर्ता को बुलाकर सुझाव मांगे और होने वाली विशाल रैली को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी दी ।

# मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये जिला स्तरीय समिति गठित

## पीएम गति शक्ति पोर्टल के माध्यम से होगा क्रियान्वयन

**ग्वालियर।** राज्य शासन के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत आर्थिक क्षेत्रों में मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी संबंधी योजनाओं के लिये एकीकृत वेब पोर्टल विकसित किया गया है। इस सिलसिले में ग्वालियर जिले में पीएम गति शक्ति पोर्टल पर मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी संबंधी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति गठित की गई है। इस समिति में जिला पंचायत के सीईओ श्री विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, जिला भू-अर्जन अधिकारी श्री सूर्यकांत त्रिपाठी, जिला परिवहन अधिकारी श्री विक्रमजीत सिंह कंग, कार्यपालन यंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग श्री इन्दर सिंह जादौन, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी श्री मनीष कुमार शर्मा, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन श्री पंकज सेंगर, उप महाप्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी श्री सतीश चतुर्वेदी, कार्यपालन यंत्री पीएचई सुश्री मेघा शर्मा, टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग के जिला अधिकारी श्री कृष्णकांत कुशवाह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार, जिला खनिज अधिकारी श्री प्रदीप भूरिया, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र श्री कालू सिंह सोलंकी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सुश्री तृप्ति निगम, कार्यकारी संचालक औद्योगिक केन्द्र विकास निगम श्री प्रतुल सिन्हा, उप संचालक कृषि श्री आर एस शाक्यवार, परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण श्री उमाकांत मीना एवं जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस श्री आशीष जैन शामिल किए गए हैं।

# अनेक सडकों पर कराई पेच रिपेयरिंग



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर शहर की विभिन्न सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत हरी निर्मल टॉकीज के सामने गली में, किताब घर के बगल वाली रोड, महलगांव राजीव आवास योजना की गली, सारंगपुर गांव, तोमर टेंट हाउस पटरी रोड यूनिपेच, हेमा कॉन्वेंट स्कूल के पास गली में, आर्मी की बजरिया, जेसी मिल के पास सहित अनेक स्थानों पर पेच रिपेयरिंग कर यातायात को सुगम बनाया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत रिठोरा तालाब की जंगल सफाई के कार्य किये



**मुरैना,कांस।** प्रदेश सरकार द्वार 31 मई तक जल गंगा संवर्धन 2025 अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नदी-नालों की साफ-सफाई का कार्य किया जाना है। इसके तहत जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री पी.एस. जाटव के नेतृत्व में साफ-सफाई का कार्य ग्राम पंचायत रिठोरा में बाबा वाला तालाब की साफ-सफाई का कार्य किया गया। यह कार्य जल संसाधन विभाग के ए.बी.सी उपसंभाग क्रमांक-2 मुरैना के अनुविभागीय अधिकारी श्री जी.पी.एस. भदौरिया, उपयंत्री श्री सुरेश चंद्र शर्मा तथा विभागीय मैदानी कर्मचारियों की उपस्थिति में 22 अप्रैल को साफ-सफाई का कार्य जन भागीदारी के सहयोग से किया गया। इसमें गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

# फायर सेफ्टी सप्ताह की जानकारी एवं मॉकड्रिल का सीएमएचओ ने किया अवलोकन



**मुरैना,कांस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गोयल एवं जिला क्वालिटी मॉनिटर डॉ. प्रमोद मिश्रा द्वारा गत दिवस मुरैना जिले के प्राइवेट नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने फायर सेफ्टी सप्ताह के तहत जानकारी तथा मोकड्रिल का अवलोकन किया। जिसमें फायर सैफ्टी सप्ताह के बारे में जानकारी दी गई एवं मॉकड्रिल कराई गयी। मोकड्रिल के दौरान आकस्मिक आग लगने या दुर्घटना होने पर कैसे बचा जा सके एवं मरीजों को कैसे बचाया जाये। परन्तु भ्रमण में पाया गया कि निजी अस्तपतालों में इंफेक्शन कंट्रोल प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया था। फायर सिलेंडर कम मात्रा में एवं अवधि समाप्त फायर सिलेंडर पाये गये एवं अस्पताल के बेसमेंट में इलेक्ट्रिकल पेनल के पास ही ऑक्सीजन सिलेंडर पाये गये। उन्हें इस संबंध में समझाईस दी गई और आगे सतर्क रहने की बात कही गई।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं.JHS / Br/L/ 2025-26/02** **दिनांक : 21.04.2025**

**ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य इन्जी./ ब्रिज / लाइन / उत्तर मध्य रेलवे, झॉसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **15.05.2025 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है । कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

**निविदा नं.:** Br-JHS-2025-02, **कार्यों का विवरण:** उप मुख्य अभियंता/ब्रिज/लाइन/झांसी, एक्सईएन/ब्रिज/लाइन, एक्सईएन/ब्रिज/ लाइन एवं एसएसई/ब्रिज/लाइन के लिए कार्यालय और एसएसई/ब्रिज/लाइन/ झांसी के डिपो का निर्माण।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित मूल्य (₹)** : ₹ 70,85,051.95/- | **बयाने की रकम ₹** : ₹1,41,700/- |
| **कार्य समापन की अवधि:** 06 महीना | **निविदा बन्द की तिथि:** 15.05.2025 |

**सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार:** कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य

**नोट:** 1- उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट पर समय 15:00 बजे तक निविदा बंद की तिथि दिनांक **15.05.2025** तक उपलब्ध है। **2-** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I. T. Act 2000 के अन्तर्गत C. C. A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3-** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा । **4-** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये । **5-** बयाने की राशि केवल नेट बैंकिग अथवा गेट वे भुगतान या बैंक गारण्टी के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **6-** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **7-**आनलाइन निविदा दिनांक **15.05.2025 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है ।

**690/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# कें. वि. सं. की संभागीय खेल प्रतियोगिता में पहले दिन क्रिकेट श्रृंखला में प्रतिभागियों का बेहतर प्रदर्शन



**ग्वालियर।** 23 अप्रैल 2025 को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.1 ग्वालियर में चल रही संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता श्रृंखला में पहले दिन जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के खेल प्रांगण में क्रिकेट श्रृंखला जारी रही। प्रातः काल पहली पारी में केंद्रीय विद्यालय क्र.4 एवं केंद्रीय विद्यालय क्र. 3 के बीच मैच हुआ ,जिसमें केंद्रीय विद्यालय क्र.3 विजेता रही ।केंद्रीय विद्यालय क्र.1 एवं केंद्रीय विद्यालय भिंड के बीच भिंड ने पारी जीती। केंद्रीय विद्यालय क्र.1 प्रथम पाली और केंद्रीय विद्यालय क्र.1 द्वितीय पाली के बीच क्रिकेट मैच श्रृंखला में केंद्रीय विद्यालय क्र.1 द्वितीय पाली ने विजय हासिल की। प्राचार्य श्री राजेश पांडेय ने प्रातःकाल सभी टीमों के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए मैच श्रृंखला के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। भोजन अवकाश के पश्चात सायंकाल की क्रिकेट मैच श्रृंखला में के.वि. मुंगावली, के.वि.क्र. 1 ग्वालियर, के.वि. करेरा, के.वि.क्र.1 ग्वालियर द्वितीय पाली, के.वि. 4 ग्वालियर और के.वि.1 इंदौर प्रथम पाली के बीच मैच श्रृंखला जारी रही।

# बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर 15 सफाई कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**ग्वालियर।** बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर 7 सफाई कर्मचारियों को कारण बताओ एवं 8 सफाई कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के नोटिस जारी किए गए। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के जारी आदेशानुसार बिना सूचना के कार्य से अनुपस्थित रहने से सफाई कार्य प्रभावित हुआ। इस कारण दिनांक 23 अप्रैल 2025 को 7 सफाई कर्मचारियों को जांच संस्थित किए जाने हेतु नोटिस जारी किया गया है। जिसमें नियमित सफाई संरक्षक श्री अरूण पुत्र गंगाराम, श्री मनोज पुत्र श्री ओमप्रकाश, श्री गोविंद पुत्र राम सिंह, श्री कुनाल पुत्र श्री मनोज, श्री रोहित पुत्र श्री महेश, श्री आकाश पुत्र श्री नरेश एवं श्री जसवंत पुत्र श्री रमेश को नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही बिना सूचना के कार्य से अनुपस्थित रहने सफाई कार्य प्रभावित हुआ इस कारण दिनांक 23 अप्रैल 2025 को 8 सफाई कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। जिसमें विनियमित सफाई कर्मी श्री रंजीत पुत्र श्री काशीराम, श्री जयप्रकाश पुत्र श्री गुट्टाराम, श्री अनूप पुत्र श्री रमेश, श्री राजेन्द्र पुत्र श्री हरीश बाबू, श्री आकाश पुत्र श्री संजय, श्री सुरेन्द्र पुत्र श्री गंगाराम, श्री साजन पुत्र पप्पू, श्री सुरजीत पुत्र श्री ओमप्रकाश को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# समस्त जनपद सीईओ शासकीय एवं निजी कुएं के आसपास डगवैल रिचार्ज स्ट्रक्चर बनवाना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

## ई-केवायसी के लक्ष्य को पूर्ण न करने पर संबंधित सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी, सीएमओ अम्बाह का 07 दिवस का वेतन काटने के दिये निर्देश, सीएमओ बानमौर एवं जनपद सीईओ पोरसा का 03 दिवस का वेतन काटा, कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न



**मुरैना,कांस।** सभी विभाग टीएल पत्रकों को विलोपित करके जबाव पोर्टल पर अपडेट करवायें और न्यायालयीन प्रकरणों को गंभीरता से लें। सभी एसडीएम एवं तहसीलदार नामान्तरण, बटवारा, वसूली, नक्शा तरमीम की प्रगति को गंभीरता से लें एवं पीएम किसान के तहत ई-केवायसी के लक्ष्यों को पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत डगवैल रिचार्ज स्टक्चर बनवाये जायें तथा अनुग्रह सहायता के लंबित प्रकरण शुक्रवार तक पूर्ण करें। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने टाइम लिमिट की बैठक में बुधवार को अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, संयुक्त कलेक्टर, समस्त एसडीएम एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी टीएल पत्रकों को निराकरण करवाकर निश्चित समयावधि में पोर्टल पर दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने नामान्तरण, सीमांकन, बटवारा, वसूली एवं नक्शा तरमीम की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने पाया कि नामांतरण के 3 से 6 माह के 214 पेंडिंग प्रकरण में कोई भी प्रगति नहीं हुई है, जिसपर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सीमांकन के 3 से 6 माह से 20 लंबित पड़े प्रकरणों का डाटा अगली बैठक तक शून्य होना चाहिये। उन्होंने समस्त एसडीएम को बटवारा के संबंध में रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए । बटवारा के 160 प्रकरण एवं नक्शा तरमीम के 7803 खाते लंबित पाए गए।उन्होंने नामान्तरण की रिपोर्ट की समीक्षा करते हुये नामान्तरण के डाटा में अगली बैठक तक प्रगति लाने के निर्देश समस्त एसडीएम को दिये। कलेक्टर ने सायबर तहसील की समीक्षा करते हुये समस्त एसडीएम को निर्देश दिये कि शुक्रवार तक सायबर तहसील का डाटा शून्य करना सुनिश्चित करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी 10 दिवस से ज्यादा लंबित प्रकरण न रहे। कलेक्टर ने वक्फ संपत्तियों के ऑनलाईन सत्यापन की समीक्षा की एवं सत्यापन का कार्य सात दिनों में पूर्ण करवाने के निर्देश समस्त एसडीएम को दिए।खसरा,ई केवाईसी,पीएम किसान योजना में ई केवाईसी, पीएम किसान में सेल्फ रजिस्ट्रेशन में सत्यापन का कार्य, स्वामित्व योजना जैसे सभी घटकों में 80 प्रतिशत से कम कार्य होने पर कलेक्टर ने समस्त तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ई-केवायसी के तहत जिले की 39वीं रैंक होने एवं ई-केवायसी में प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने पीएम किसान के तहत आधार ई-केवायसी, बैंक खाता सीडिंग एवं लैंडलिंग एवं पीएम किसान के अंतर्गत सेल्फ रजिस्ट्रेशन की समीक्षा की एवं समस्त एसडीएम को दिये गये घटको के संबंध में पटवारियों की नियमित रूप से बैठक लेने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्वामित्व, नक्शा, आरओआर की समीक्षा की। समस्त जनपद सीईओ से टेंकरों की जानकारी के बारे में पूछताछ की। जिस पर सीईओ पोरसा के अनुपस्थित रहने पर 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 700 कूपों रिचार्ज की रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने समस्त जनपद सीईओ को निर्देश दिये कि शासकीय एवं निजी कुंए के आसपास डगवैल रिचार्ज स्टक्चर जिससे की मानसून के समय इन कूपो का फायदा उठाया जा सके। कलेक्टर ने रविवार तक ये कार्य करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिये। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 5-5 प्याऊ सभी निकायों में एवं कम से कम 10-10 रिचार्ज पिट बोर एवं कुंओ के आसपास बनाने के निर्देश समस्त जनपद सीईओ दिये। कलेक्टर ने समस्त बीईओ, बीआरसी भवन के ऊपर वॉटर हारवेस्टिंग करवाने के निर्देश एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक, सभायें, चौपाल, सभी विद्यालयों में निबंध, पेटिंग एवं जल संरक्षण से संबंधित क्विज करवाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने फायर मॉकड्रिल के बारें में जानकारी ली एवं अनुग्रह पोर्टल की रिपोर्ट के बारे में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने समस्त सीईओ को कहा कि अनुग्रह सहायता से संबंधित समस्त प्रकरण शुक्रवार तक पूर्ण करें। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, फूड सेफ्टी सेम्पल कलेक्शन, ट्रेफिक सिग्नल, एनएच-552 के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने एनएफएसए के तहत ई-केवायसी की ब्लॉकवार समीक्षा की। जिसके तहत सीएमओ अम्बाह को दिये गये लक्ष्यों को पूरा न करने पर 7 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। इसी तरह बानमौर एवं पोरसा सीएमओ के लक्ष्य पूर्ति न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश पीओ डूडा दिये एवं 80 प्रतिशत से नीचे प्रगति पाये जाने पर लक्ष्यानुसार वेतन काटने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने कहा कि एफएसए एवं समग्र ई-केवायसी के लक्ष्यों को जल्द पूरा किया जाये। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुये कहा कि अगली ग्रेडिंग का कार्य जल्द शुरू होने वाला है। सभी अधिकारी अप्रैल माह की 80 प्रतिशत सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण एवं 50 दिवस लंबित शिकायतों का 50 प्रतिशत तक भी निराकरण करवाना सुनिश्चित करें, जिससे रैकिंग में सुधार हो सके। इसके बाद कलेक्टर ने अंतर्विभागीय मुद्दो को सुना।

# पहलगाम नरसंहार के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पश्चिम ने आतंकवाद का जलाया पुतला



**मुरैना ब्यूरो।** ब्लॉक पश्चिम कांग्रेस कमेटी के द्वारा एमएस रोड बिजली घर के सामने पहलगांव हत्याकांड के विरोध में पश्चिम ब्लॉक के अध्यक्ष रिंकू पचौरी के नेतृत्व में आतंकवाद का पुतला दहन किया गया ।उपरोक्त जानकारी देते हुए पार्टी के प्रवक्ता हरीश पाठक ने बताया कि पुतला दहन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मधुराज तोमर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा विधायक मुरैना दिनेश को गुर्जर पश्चिम ब्लॉक के सभी पदाधिकारी गण एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे नरसंहार की घोर निंदा की गई सभी लोगों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि आतंकवाद के खिलाफ नरसंहार के दोषियों को तत्काल कड़ी कार्रवाई करें और दिवंगत लोगों के परिवार जनों के लिए 25-25 लाख की सहायता राशि शीघ्र जारी की जावे ।और एक परिवार में से एक सदस्य को सरकारी सेवा प्रदान की जावे । आतंकवाद की लड़ाई में संपूर्ण देश आपके साथ है पुतला दहन में अशोक सिंह भदोरिया सुभाष सिकरवार सतपाल सिंह कुशवाहा नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष विनीत कंसाना मानवेंद्र गांधी पवन शुक्ला किशन पंडित उदयवीर सिंह सिकरवार के पी कंसाना दीपक सोलंकी रामू टुंडेललकर कार्यालयमत्री, हरीराम सिंह गुर्जर गोलू पालिया अविनाश कटारे छोटू तोमर अशोक तोमर रामू तोमर मनीष शर्मा सुल्तान सिंह सिकरवार गजेंद्र सिंधी प्रदीप रजक अब्दुल रजाक पटेल अवनीश कटारे रघुवीर स्वामी उपस्थित हुए।

# केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल एवं डॉ. सप्रे ने डॉ. अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी को किया संबोधित

**विशाल व्यक्तित्व वाले राष्ट्रपुरुष थे स्व. बाबा साहब**

**संघ की शाखाओं में जाते थे बाबा साहब अंबेडकर**

**प्रधानमंत्री मोदी जी ने उठाया पंचतीर्थ के विकास का बीड़ा**

**बाबा साहब ने हर वर्ग के कल्याण और सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया -डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे**



**भोपाल।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बुधवार को जेके हॉस्टिपटल कम्युनिटी हॉल, कोलार में पुरूषार्थ सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित संविधान निर्माता भारत रत्न ''बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक विचार'' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब एक बहुआयामी, विशाल व्यक्तित्व वाले राष्ट्रपुरुष थे। उनके व्यक्तित्व को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। उन्होंने सिर्फ संविधान की रचना ही नहीं की, बल्कि देश को कई ऐसे विचार दिये, जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी हमारे लिए उपयोगी हैं। प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय टोली के सदस्य डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर विकसित भारत के लिए कार्य कर रहे थे। बाबा साहब ने हर वर्ग के कल्याण और सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया।

**पं. नेहरू की तुष्टिकरण की नीति से दुखी थे बाबा साहब**

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने जब नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया, तो अपने इस्तीफे की वजहें भी लिखी थीं। लेकिन उस पत्र को गायब कर दिया गया। हालांकि सोशल मीडिया में वो पत्र उपलब्ध है। उस पत्र में डॉ. अंबेडकर ने पं. नेहरू से कहा था कि देश के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज के साथ आपका व्यवहार ठीक नहीं है। आप मुस्लिमों पर अत्याचार की चिंता करते हैं, लेकिन आपको दलितों, आदिवासियों के साथ हो रहा अन्याय दिखाई नहीं देता। देश विभाजन के दौरान, पाकिस्तान में दलितों पर अत्याचार हुए, लेकिन आपने कुछ नहीं बोला। पूर्वी पाकिस्तान में वहां के मथुआ समाज पर अमानवीय अत्याचार किए गए, लेकिन आपको वो भी दिखाई नहीं दिए। आपको सिर्फ मुस्लिमों की चिंता है। पत्र में कहा गया है कि आपकी विदेश नीति ठीक नहीं है। आपने ओबीसी कमीशन बनाने की बात कही थी, लेकिन वो भी गठित नहीं हुआ। इसके अलावा जिस तरह से आपने संसद में हिंदू कोड बिल वापस लिया, उससे मैं दुखी हूं और मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे रहा हूं।

**कांग्रेस ने रचा था बाबा साहब को चुनाव हराने का षडयंत्र**

श्री मेघवाल ने कहा कि 1952 में हुए पहले लोकसभा के चुनाव में बाबा साहब ने बॉम्बे नॉर्थ सीट से चुनाव लड़ा था। लेकिन बाबा साहब वो चुनाव लगभग दस हजार वोटों से हार गए थे। हैरत की बात यह थी कि उस सीट पर निरस्त किए जाने वाले वोटों की संख्या 74333 थी, जो देश में सबसे ज्यादा थी। जाहिर है कि अगर इतनी बड़ी संख्या में वोट निरस्त नहीं किए जाते, तो बाबा साहब का चुनाव जीतना तय था। इस चुनाव परिणाम के खिलाफ बाबा साहब ने चुनाव आयोग में आवेदन दिया। आयोग ने एक ट्रिब्यूनल का गठन किया, लेकिन उसका कोई नतीजा नहीं निकला। बाबा साहब के खिलाफ षडयंत्र की पुष्टि एक और तथ्य से भी होती है। चुनाव के

# आरोग्य भारती जिला मुरैना की बैठक हुई संपन्न





**मुरैना,कासं।** बड़ोखर रोड स्थित संजीवनी हॉस्पिटल पर डॉ राघवेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में आरोग्य भारती जिला मुरैना की बैठक की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आरोग्य भारती महानगर ग्वालियर सचिव जेपी शर्मा एवं उनकी टीम,एडवोकेट राकेश गर्ग उपस्थित रहे। बैठक में आरोग्य भारती के आगामी कार्यक्रमों की योजना पर चर्चा की गई एवं नगर की कार्यकारिणी गठित की गई। बैठक में अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र यादव, सचिव आकाश शर्मा,सह सचिव एडवोकेट भुवनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष रामू पचौरी, एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। नगर की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का दायित्व डॉक्टर योगेंद्र यादव संचालक संजीवनी हॉस्पिटल मुरैना को,उपाध्यक्ष डॉ कुलदीप शर्मा,उपाध्यक्ष डॉ कृष्णा यादव, सचिव आदर्श अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉक्टर सुनील राठौर, नगर महिला प्रमुख,मातृशक्ति डॉक्टर रितु राजपूत, योग प्रमुख मनीष शर्मा, पर्यावरण प्रमुख का दायित्व भूपेंद्र प्रजापति को दिया गया है।

# रेलवे स्टेशन ललितपुर पर संरक्षा सेमिनार का आयोजन



**झांसी।** ललितपुर रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक झाँसी डी.के.सिन्हा के निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी झाँसी गिरीश कंचन के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के दौरान गाड़ी संचालन में संरक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया गया। विशेष रूप से सिग्नल पासिंग एट डेंजर के मामलों पर गंभीर चर्चा की गई। साथ ही प्वाइंट एवं क्रॉसिंग, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियाँ, इंजीनियरिंग ब्लॉक, पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक के समय की आवश्यक सुरक्षा प्रक्रियाएँ, ओएचई ओवरहेड इक्विपमेंट मेंटिनेंस,ट्रैक पर कैटल रन ओवर की घटनाएँ तथा हॉट एक्सल जैसे तकनीकी पहलुओं पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को संरक्षा के प्रति जागरूक रहने एवं कार्यस्थल पर उच्चतम स्तर की सावधानी बरतने हेतु प्रेरित किया गया।इस सेमिनार में मनोज खरे, विनोद कनोजिया, अनिल कुमार, एस. के. अग्रवाल, संरक्षा सलाहकार कैरेज एवं वैगन झाँसी नीलू कुमार,संरक्षा सलाहकार विद्युत, सामान्य झाँसी आशीष यादव,संजय मोदी,अजय सिंह मीना,सहित लगभग पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

**बातचीत से मामला सुलझाएं**

# मानहानि मामले में शिवराज चौहान और विवेक तन्खा को सुप्रीम कोर्ट की सलाह



**भोपाल/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा से कहा कि वे मानहानि मामले को आपसी बातचीत से निपटा लें। कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश में साल 2021 के पंचायत चुनावों में शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने उनके खिलाफ संगठित, दुर्भावनापूर्ण, झूठा और मानहानिकारक अभियान चलाया।

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने चौहान और तन्खा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी और कपिल सिब्बल से कहा, कृपया हमें यह मामला सुनने के लिए मजबूर न करें। हम इसे बंद करना चाहते हैं। आप दोनों साथ बैठकर इसे सुलझाएं। पिछले साल मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शिवराज सिंह चौहान ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी।

बुधवार को सुनवाई के दौरान विवेक तन्खा के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, अगर वह (चौहान) खेद व्यक्त करते हैं, तो मैं मानहानि के मामले को सुलझाने के लिए तैयार हूं। इस पर सुप्रीम कोर्ट में शिवराज सिंह चौहान का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने जवाब दिया कि अगर कोई गलती ही नहीं हुई है तो मंत्री को खेद क्यों होना चाहिए? उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से उन्हें सिब्बल के साथ बैठकर मामले पर चर्चा करने में कोई समस्या नहीं है। इसके बाद पीठ ने मामले की सुनवाई 21 मई तक टाल दी। दरअसल विवेक तन्खा का आरोप है ।कि साल 2021 के पंचायत चुनाव में भाजपा नेताओं ने दावा किया कि विवेक तन्खा ने ओबीसी आरक्षण का विरोध किया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहलगाम हमले में इंदौर के सुशील नथानियल की मृत्यु पर जताया शोक



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में इंदौर निवासी सुशील नथानियल की असामयिक मृत्यु पर गहन शोक व्यक्त किया। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि सुशील नथानियल अलीराजपुर में एलआईसी कार्यालय में पदस्थ थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि वे स्वयं इंदौर में नथानियल की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। प्रदेश सरकार हमले में घायल नथानियल की बेटी आकांक्षा की मदद के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है। दुख की इस घड़ी में सरकार मृतक के परिवार के साथ है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पूरा केंद्रीय नेतृत्व इस मामले पर पल-पल नजर रखे हुए हैं। कश्मीर में पर्यटकों पर हमला पाकिस्तान की कायराना हरकत है। यह घटनाक्रम पूरे देश पर वज्रपात के समान है। पाकिस्तान और उसके हिमायती दहशतगर्दों को इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरा देश एकजुट है।

# पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना में मृतक पर्यटकों को कैट ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**इंदरगंज चौराहे पर निकाला जुलूस, पाकिस्तान को सबक सिखाने का संदेश**



**ग्वालियर,नसं.।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर ने पहलगाम कश्मीर में मृत पर्यटकों को इंदरगंज चौराहे पर एकत्रित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी एवं मृत आत्माओं के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। कैट म.प्र. अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, जिला संयोजक दिलीप पंजवानी, महामंत्री विवेक जैन, संभागीय महामंत्री मुकेश जैन की अगुवाई में सैकड़ों व्यापारी प्रतिनिधियों ने इस जघन्य आतंकवादी घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और जुलूस निकाला।

वह नारे लगा रहे थे कि पाकिस्तान को इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे और इस घटना ने पर्यटन व्यवसाय को तोड़कर रख दिया और पूरे देश में धर्म के नाम पर आतंकवादियों द्वारा की गई कार्यवाही अत्यंत निंदनीय है। इस अवसर पर जे.सी. गोयल, राहुल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, बबीता डाबर, रश्मि अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल भिण्ड, पंकज गोयल, हरिओम चौरसिया, प्रतीक अग्रवाल, मयूर गर्ग, डॉ. सौरभ खंडेलवाल, दिनेश बंसल, ललित गांधी, उमेश अग्रवाल, राजेश गुप्ता, नीरज चौरसिया सहित अनेक कैट पदाधिकारी एवं व्यापारीगण उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर भोपाल में होगा भव्य ड्रोन शो: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**शोध के साथ-साथ गर्वनेंस में भी हो डाटा का उपयोग**

**प्रदेश में इसरो के समान शोध केंद्र स्थापित करने के लिए की जाए पहल**



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है किमध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवम्बर को भोपाल में ÷विरासत से विकास÷ की थीम पर भव्य ड्रोन लाइट शो आयोजित किया जाए। प्रदेश में इसरो के समान शोध केंद्र बनाने की दिशा में भी विद्वानों और विशेषज्ञों से सलाह लेकर पहल की जाए। इससे अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। नीमच में मध्यप्रदेश बायो-टेक्नॉलोजी पार्क की स्थापना कर इससे जुड़ा इन्क्यूवेशन सेंटर साइंस सिटी उज्जैन में बनाया जाए।यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विभिन्न स्रोतों और प्रक्रियाओं से प्राप्त डाटा का उपयोग शोध के साथ-साथ शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों के प्रबंधन में भी हो।मुख्यमंत्री डॉ. यादवने यह निर्देश मंत्रालय में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक में दिए। बैठक में राज्य में नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास को गति देने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि परिषद द्वारा प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों पर केंद्रित डिजिटल एटलस विकसित किया जा रहा है। प्रदेश के कारीगरों को देश के ख्याति प्राप्त विशेष विशेषज्ञों से संवाद और उनके द्वारा विकसित उन्नत तकनीकों के माध्यम से कारीगरों के कौशल उन्नयन के लिए प्रदेश में कारीगर विज्ञान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

उज्जैन और जबलपुर में 15 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से विज्ञान केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। उज्जैन के डोंगला में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अंतरिक्ष अनुसंधार केन्द्र की स्थापना, कालगणना केन्द्र के रूप में उज्जैन को प्रतिस्थापित करने तथा साइंटिस्ट मेमोरियल की स्थापना की भी योजना है।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ई-एचआरएमएस मॉड्यूल की समीक्षा की

**रीवा,कासं।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली मॉड्यूल (ई-एचआरएमएस) की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मॉड्यूल मध्यप्रदेश सरकार की स्थानांतरण नीति के सिद्धांतों एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्थानांतरण नीति का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करते हुए प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मॉड्यूल में सभी आवश्यक मापदंडों का समावेश इस तरह से किया जाए कि किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में कर्मचारियों के स्थानांतरण पर लागू प्रतिबंध अगले कुछ दिनों में हटाया जाने वाला है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी समयावधि को ध्यान में रखते हुए ई-एचआरएमएस मॉड्यूल की अंतिम टेस्टिंग पूर्ण कर ली जाए, ताकि प्रतिबंध हटते ही स्थानांतरण प्रक्रिया बिना किसी बाधा, सुगमता और पारदर्शिता के साथ संचालित की जा सके।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश सहित राजधानी में भी आक्रोश

**कई जगह हुआ प्रदर्शन, की कड़ी कार्यवाही की मांग**

**मुस्लिम समाज ने पाकिस्तान के पुतले पर थूंका, आतंकवाद का पुतला जलाया**



**भोपाल,ब्यूरो।** दुनिया की जन्नत कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में आक्रोश फैला हुआ है। हैवानियत भरी इस हरकत की निंदा और विरोध करते हुए भोपाल में कई जगह प्रदर्शन किया गया। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के कार्यालय के बाहर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनोवर पटेल के नेतृत्व में, जय हिंद सेना ने भारत माता चौराहे पर और भोपाल पुराने शहर के चार बत्ती चौराहे पर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला जलाते हुए आंतकवादियो के खिलाफ कड़े से कड़े कदम उठाने की मांग की। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के कार्यालय के बाहर आतंवाद का पुतला दहन किये जाने के दौरान पुतला दहन के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने आतंकवाद और पाकिस्तान की पुतले पर थूंककर आक्रोश जताया।

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनोवर पटेल ने कहा की यह कृत्य इंसानियत के खिलाफ है। जहां तक धर्म की बात है, तो देश के भाई चारे, मुहब्बत को बिगाड़ने का प्रयास है। देश की जनता इस बात को कभी स्वीकार नहीं करती। इसी का परिणाम है, कि देश भर में आज मुसलमान भाई बाहर निकले हैं। और इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा की इन आतंकवादियों के पीछे पनाहगार पाकिस्तान है। जो ऐसी घटना करने के बाद इनको छिपाने का काम करता है। ऐसे देश पाकिस्तान का पर्दाफाश हुआ है। उन कायरों ने ऐसे समय हमला किया है जब इस देश में मजबूत सरकार है। और इस कृत्य का उन्हें कड़ा जवाब मिलेगा। पूरा मुस्लिम समाज और वक्फ बोर्ड सरकार से यह मांग करता है कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# जिलाधिकारी ने नगर निकायों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की



**अलीगढ़,ब्यूरो।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों में संचालित विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों समेत संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, 15वें वित्त आयोग और नगरीय अवसंरचना विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए और लाभार्थियों को निर्धारित समयावधि में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पूर्ण पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ पहुँचे। इसके लिए सतत निगरानी, फील्ड विजिट और जन सहभागिता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि संचारी रोगों से सुरक्षित रहने के लिए नाली, नालों, गलियों में नियमित साफ-सफाई के साथ ही समयबद्ध तरीके से कूड़ा निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जल निकासी का भी उचित प्रबंध रहे। यदि कहीं जलभराव की समस्या है यो स्थाई निदान तलाश किया जाए। भीषण गर्मी के दृष्टिकोण से जनसमान्य को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। गौवंशों को भीषण गर्मी से सुरक्षित रखने के लिए सभी प्रकार के प्रबंध किए जाने के साथ पीने के पानी का उचित प्रबंध किया जाए। जहां भी हैंडपंप खराब हैं, उनकी मरम्मत करा ली जाए। स्ट्रीट लाइट खराब नहीं रहनी चाहिए। बैठक के दौरान नगर निकायवार प्रगति प्रस्तुत की गई, जिसमें कुछ निकायों की सराहनीय प्रगति पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की, वहीं प्रगति में पिछड़े निकायों अतरौली, इगलास एवं जट्टारी को कार्य में गति लाने के लिए सख्त निर्देश भी दिए। डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द विकास कार्यों की वास्तविक डीपीआर तैयार कर भेजें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार समेत सभी अधिशासी अधिकारी एवं पटल सहायक अर्पित शर्मा उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश से आढत प्रथा खत्म, लहसुन के किसानों को फायदा

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने लहसुन उत्पादक किसानों की याचिका पर सुनवाई करते हुए लहसुन उत्पादकों को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आढत प्रथा को गलत माना है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद कृषि उपज मंडियों में लहसुन के दाम ?2000 प्रति क्विंटल बढ़ गए। इसका फायदा किसानों को हुआ है। सरकारी नीलामी में लहसुन के दाम किसानों को बढे हुए प्राप्त हुए हैं। सोमवार को कृषि उपज मंडियों में लहसुन रू 9000 प्रति क्विंटल की दर से बिक रही थी। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अब लहसुन के दाम किसानों को रू11000 प्रति क्विंटल के मिले हैं। नीलामी के जरिए लहसुन बेचने पर किसानों को बेची गई लहसुन का दाम समय पर प्राप्त होगा।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।